• जयपुर, गुरुवार, 25 जुलाई 24 • वर्ष 13 • अंक 327 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 उप मुख्यमंत्री ने दिखायी नई रोडवेज बसों को हरी झंडी, समाधान ....

पेज @4 राजद के शासनकाल में महिलाओं को बोलने....

पेज @8 जरूरत के समय में जयपुर में बढ़ रहा है क्राउडफंडिंग का चलन...

# बजट सौगातों के लिए कोटा, ब्यावर व जैतारण की जनता ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

## अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति का उत्थान हमारा लक्ष्य: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 24 जुलाई।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि परिवर्तित बजट 2024-25 में प्रदेश के युवा, महिला, किसान तथा गरीब के उत्थान को लक्ष्य में रखते हुए योजनाओं तथा कार्यक्रमों की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि विकास की बयार से राजस्थान का कोई भी क्षेत्र अछूता ना रह जाए।

श्री शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर बजट सौगातों के लिए कोटा, ब्यावर और जैतारण से आई जनता की धन्यवाद सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में काम कर रहे जनप्रतिनिधि जनता की आम समस्याओं से वाकिफ होते हैं। साथ ही, जनता भी अपनी मांगों को लेकर उनके पास आती है। राज्य सरकार भी जनप्रतिनिधियों की क्षेत्र से संबंधित विकास की मांगों पर तत्परता से कार्य कर रही है तथा जनता से किए गए सभी वादों को पूरा किया जाएगा।





### बजट में मिली ढेरों सौगातें

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में कोटा, ब्यावर तथा जैतारण के चहुंमुखी विकास के लिए ढेरों सौगातें दी गई हैं। जैतारण में 30 करोड़ रुपये की लागत से समौखी से बलाड़ा, पृथ्वीपुरा से लौटोती, बलुन्दा से खराड़ी, कालब खुर्द से काणूजा, बूटीवास से रास, निमाज से चावण्डिया कलां, कावलिया से आनन्दपुर कालू सड़कों के सुदृढ़ीकरण व चौड़ाईकरण का कार्य करवाया जायेगा। वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर पर लगभग 110 करोड रुपये व्यय कर संबंधित रेलवे स्टेशनों को दो लेन सड़क से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि जैतारण में 220 केवी जीएसएस निर्माण, रास-ब्यावर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना, जैतारण में सहायक अभियंता (खनिज) कार्यालय, ब्यावर में अनुसूचित जाति छात्रावास खोले जाएंगे तथा निम्बाज (जैतारण) पशु चिकित्सालय का प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नयन किया जायेगा। शर्मा ने कहा कि औद्योगिक नगरी, कोटा में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का काम शुरू किया जाएगा। राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण-कोटा का ईको सेंसेटिव जोन के रूप में चिन्हीकरण कर मास्टर प्लान, रामगंज मण्डी में महिला पुलिस थाना, स्टोन मण्डी एवं स्टोन कलस्टर का उन्नयन सहित अनेक सौगातें कोटा को दी गई हैं।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प पर काम करते हुए अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के लिए योजनाओं तथा कार्यक्रमों का संचालन कर रही है तथा उनका उत्थान राज्य सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हम सबको भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जरूरतमंदों को केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करनी चाहिए। 'सबका साथ-सबका विकास' की सोच के साथ ही विकसित राजस्थान और विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने अपने पहले ही बजट में विकसित राजस्थान-2047 की रूपरेखा तैयार की है। राज्य सरकार सभी क्षेत्रों तथा सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम में विधायक श्री शंकर सिंह रावत ने बजट में ब्यावर को दी गई ढेरों सौगातों के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने श्री शर्मा को धन्यवाद देते हुए माल्यार्पण कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कोटा, ब्यावर तथा जैतारण की जनता के साथ संवाद भी किया।

### समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए उल्लेखनीय फैसले

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए उल्लेखनीय फैसले किए हैं। संकल्प पत्र में किए गए लगभग 45 फीसदी वादे पूरे किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गेहूं की एमएसपी पर 125 रुपये का बोनस देकर 2,400 रुपये प्रति क्विंटल खरीद मुल्य किया और पीएम किसान सम्मान निधि के तहत देय राशि 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 8 हजार रुपये की। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी, पंचायती राज, नगरीय निकाय तथा आंगनबाड़ी कर्मियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि जैसे अनेक जनकल्याणकारी निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह जनहितैषी निर्णय लिए जाएंगे तथा संकल्प पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को पूरा किया जाएगा।

### 'एक पेड़ मां के नाम' पर लगाकर देखरेख का भी संकल्प लें

शर्मा ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। उन्होंने 'स्वच्छ भारत अभियान' की शुरूआत कर स्वच्छता का संदेश देने और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान चलाकर लड़के-लड़कियों का लिंगानुपात सुधारने का महत्वपूर्ण काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी न केवल देश को आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से आगे बढ़ाना चाहते हैं अपितु पर्यावरण को संजोने लिए भी वे लगातार जागरूकता ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने पर्यावरण दिवस, 5 जून को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत की है जिससे अधिक से अधिक लोग पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभा सकें। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि हम सभी एक पेड़ अपनी मां के नाम पर लगाकर उसकी देख-रेख का भी संकल्प लें।

# गैंगस्टर आनंदपाल का एनकाउंटर करने वाले 7 पुलिस अधिकारियों पर चलेगा हत्या का मुकदमा

## कोर्ट ने इनके खिलाफ प्रसंज्ञान लेते हुए हत्या की धारा 302 के तहत मुकदमा चलाने और जांच के आदेश दिए, कोर्ट ने सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को भी खारिज कर दिया है!



चमकता राजस्थान

**जयपुर।** एसीजेएम सीबीआई कोर्ट ने तत्कालीन चूरू एसपी राहुल बारठ, तत्कालीन एडिशनल एसपी विद्या प्रकाश चौधरी, डीएसपी सूर्यवीर सिंह राठौड़, आरएसी हेड कॉन्स्टेबल कैलाश चंद्र, कॉन्स्टेबल धर्मपाल, कॉन्स्टेबल धर्मवीर सिंह और आरएसी के सोहन सिंह के विरुद्ध मुकदमा चलाने के आदेश दिए हैं।

### ● आनंदपाल की पत्नी ने पेश किए कई गवाह

24 जून 2017 को चूरू के मालासर गांव में एसओजी ने आनंदपाल का एनकाउंटर किया था। एनकाउंटर के बाद से ही इस पर सवाल उठ रहे थे। एनकाउंटर को लेकर सीबीआई ने 2020 में क्लोजर रिपोर्ट पेश की थी, जिसे आनंदपाल की पत्नी राजकंवर ने चैलेंज किया। एसीजेएम कोर्ट में 2020 में प्रोटेस्ट पिटिशन दायर की। कोर्ट में चार साल सुनवाई के दौरान दो डॉक्टर, राजकंवर और आनंदपाल के भाई मंजीत की गवाही हुई। उस आधार पर प्रसंज्ञान लिया गया। राजकंवर के वकील भंवर सिंह और त्रिभुवन सिंह राठौड़ ने बताया- यह एनकाउंटर नहीं था और छत पर आनंदपाल को नजदीक से एक के बाद एक गोली मारी गई। गोली बहुत नजदीक से थी, इसकी पुष्टि डॉक्टर ने भी की है। कोर्ट में कई गवाहों को पेश किया गया। उनके आधार पर एसीजेएम कोर्ट ने पुलिस अधिकारियों के खिलाफ प्रसंज्ञान लिया है। कोर्ट ने राजकंवर की ओर से गवाहों की सूची भी 16 अक्टूबर से पहले पेश करने के आदेश दिए हैं।

### जीवनराम के मर्डर के बाद फरार हो गया था आनंदपाल

एसओजी की टीम के तत्कालीन आईजी दिनेश एमएन के अनुसार, आनंदपाल व बलवीर बानोड़ा पर 2006 में गोपाल फोगाट और जीवनराम गोधारा के मर्डर के आरोप थे। आनंदपाल जीवनराम के मर्डर के बाद फरार हो गया था। यही नहीं, आनंदपाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर नानूराम नाम के व्यक्ति की हत्या कर दी थी। शव एसिड से जला दिया था। मर्डर के करीब 6 साल बाद 2012 में आनंदपाल को गिरफ्तार किया था।

### राजू ठेहट पर चलाई गोली, बदले में आनंदपाल गैंग पर फायरिंग

आईपीएस दिनेश एमएन के मुताबिक, जनवरी 2014 में आनंदपाल के किसी साथी ने सीकर जेल में बंद राजू ठेहट पर फायरिंग कर दी थी। गोली उसके कंधे में लगी। बस, इस घटना के बाद राजू ठेहट ने बदला लेने का मन बना लिया था। उस वक्त आनंदपाल की गैंग बीकानेर जेल में बंद थी। राजू ठेहट गैंग के दो शूटर हथियार लेकर पहुंचे और जेल में उन्होंने आनंदपाल गैंग पर फायरिंग कर दी। आनंदपाल और बलवीर को एक-एक गोली लगी। हमले के बाद आनंदपाल को अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में शिफ्ट किया गया था। तब आनंदपाल गैंग का मकसद राजू ठेहट से बदला लेना और गवाहों को मारकर केस से बरी होना था।

### 2015 में नानूराम मर्डर केस से हो गया था बरी

दिनेश एमएन के अनुसार, आनंदपाल 3 सितंबर 2015 को नानूराम मर्डर केस से बरी हो गया था। खुशी में उसने गाड़ी के ड्राइवर और शक्ति सिंह नाम के कमांडो को छोड़कर सबको मिठाई बांटी। मिठाई में जहर था। सब बेहोश हो गए। दो गाड़ियों में आए आनंदपाल की गैंग के लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। शक्ति आनंदपाल गैंग के लिए काम करता था। आईपीएस दिनेश एमएन के अनुसार, एसओजी ने आनंदपाल को पकड़ने का लक्ष्य बनाया। उसके कई साथियों को गिरफ्तार कर लिया। 7-8 महीने में कई संपत्ति जब्त कर ली थी।

### इस बीच सूचना पर 24 जून 2017 को टीम चूरू के मालासर गांव पहुंची

आनंदपाल ने घर की छत से फायरिंग कर दी। करीब 45 मिनट एनकाउंटर चला। कमांडो सोहन सिंह और आनंदपाल के बीच आमने-सामने फायरिंग हुई। इसमें आनंदपाल मारा गया। गोली लगने के कारण सोहन 4 महीने तक अस्पताल में रहे।

### 9 पुलिसकर्मियों को विशेष पदोन्नति

अप्रैल 2021 में आनंदपाल एनकाउंटर केस में शामिल 9 पुलिसकर्मियों को तत्कालीन गहलोत सरकार ने विशेष पदोन्नति दी थी। इसमें आनंदपाल सिंह को गोली मारने वाले स्पेशल कमांडो सोहन सिंह, तत्कालीन चूरू एसपी राहुल बारठ, एसओजी में एडिशनल एसपी करण शर्मा, एडिशनल एसपी विद्याप्रकाश चौधरी, डीएसपी सूर्यवीर सिंह राठौड़, आरएसी के हेड कॉन्स्टेबल कैलाश और चूरू में पुलिस कॉन्टेबल हरमपाल शामिल थे।

### 22 राजपूत नेताओं पर लगे फ़र्ज़ी मुकदमें लिए जाएं वापस : रणजीत सिंह सोडाला

» हाइ कोर्ट के इस निर्णय का स्वागत करते हुए रावणा राजपूत समाज के अध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला ने कहा कि उन सहित 22 राजपूत नेताओं पर लगे फ़र्ज़ी मुक़दमे भी वापस लिए जाएं क्योंकि वो उस समय किसी भी ऐसी गतिविधि में शामिल नहीं थे जो ग़ैरक़ानूनी हो !



### तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे माँगे माफ़ी: विक्रम सिंह पंवार

» जयपुर जिला कांग्रेस के महासचिव विक्रम सिंह पवार ने हाई कोर्ट के फ़ैसले का स्वागत करते हुए माँग की है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया इस मामले में माफ़ी माँगे !उन्होंने कहा कि रावणा राजपूत समाज का अंदेशा सही साबित हुआ,भाजपा की सरकार के कुछ ओछी मानसिकता के नेताओं ने समाज व परिवार से एक होनहार संरक्षण भाव रखने वाले नोजवान को काल का ग्रास बना दिया।



# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट





चमकता राजस्थान

जयपुर, 24 जुलाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। शर्मा ने इस अवसर पर शाह से राजस्थान के सर्वांगीण विकास की दिशा में किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की।

शर्मा ने नई दिल्ली में केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर राजस्थान की प्रगति एवं विद्युत क्षेत्र में ऊर्जा के नवीन स्त्रोतों के विकास एवं आधुनिकीकरण तथा नवीन तकनीक के समावेश सहित विविध महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी से भी आत्मीय मुलाकात कर प्रदेश के विकास के संबंध में विभिन्न विषयों पर बातचीत की।

मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश की महत्वपूर्ण जल परियोजनाओं को लेकर नई दिल्ली में ही केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल से प्रदेश में जल जीवन मिशन तथा पीकेसी-एकीकृत ईआरसीपी के क्रियान्वयन एवं वर्तमान प्रगति के विषय में चर्चा की।

# शांति और क्रांति का आधार है विचार


विचार शक्तिशाली होते हैं। पहले विचार के बीज आते हैं मन में, फिर वह हृदय और मस्तिष्क के गहरे तल पर जाते हैं। विचारों की धारणा मजबूत होती जाती है। जैसे ही यह धारणा मजबूत होती है, वैसे ही बीज में अंकुरण आरम्भ होता है। बीज वृक्ष बनता है। वृक्ष में फल-फूल आते हैं। बीज वट वृक्ष होता जाता है। यह विचारों के बीज सकारात्मक और नकारात्मक दोनों दिशा में जा सकते हैं। आप इन विचारों को स्वहित के लिए साध सकते हैं। इन विचारों को एक समूह के हितों के लिए तैयार कर सकते हैं अथवा अहित के लिए भी विचारों का प्रयोग कर सकते हैं। मुख्य बात है कि आपके भीतर उठने वाले विचार अच्छे हैं या बुरे हैं। हमारी विचार दृष्टि क्या लोकहित के लिए है। महापुरुषों ने लोकहित को सर्वोपरि बताया है। बुद्ध कहते हैं कि लोक से बड़ा कोई नहीं है। यहां व्यक्तिगत कुछ भी नहीं है। पहले लगता है कि हमारे होने से कुछ बड़ा होने वाला है। मगर जब आप विचारों में गिरते हैं। डूबते हैं, निकलते हैं, तब यह धारणा मजबूत होती जाती है कि एक निश्चित कालखंड बाद के लिए लगा कि हमारा आपका होना कोई दुर्लभ घटना है, पर ऐसा है नहीं। यह सृष्टि हमेशा से ऐसी ही है। वैज्ञानिक कहते हैं कि कोई व्यक्ति जितना एक निश्चित समय तक काम करने में नहीं थकता, उससे अधिक व्यक्ति विचारों के लगातार करने-सोचने से थक जाता है। इस अस्तित्व में शुभ और अशुभ सुख-दुख साथ-साथ है। शास्त्रों में व्यक्ति तीन तरह से गुणों रजोगुण,तमोगुण और सतोगुण से युक्त बताए गए हैं।

गीता के अध्याय 14 श्लोक 5 में श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि ऐ निष्पाप उन तीनों गुणों में सतो गुण तो निर्मित होने के कारण प्रकाश करने वाला और विकार रहित है, वह सुख से सम्बन्ध और ज्ञान के सम्बन्ध से अर्थात उसके अभिमान से बांधता है। यहां प्रकाश को श्रेष्ठ बताया गया है। प्रकाश ही ज्ञान है। प्रकृति में भी इन्हीं त्रिगुणा शक्तियों की महिमा बताई गई है। भारत में देवियों की संख्या तीन ही बताई गई है। ब्रह्मा-विष्णु-महेश त्रिदेव हैं। यहां पर भी बात त्रिगुणात्मिका शक्ति की है। वैज्ञानिक कहते हैं कि प्रोटान, न्यूट्रान, इलेक्ट्रॉन यहां पर भी तीन शक्तियां ही हैं। यह विज्ञान के पृथ्वी से अंतरिक्ष के सूत्र हैं। भारतीय दर्शन में सतोगुणी व्यक्ति को अच्छे विचारों वाला माना जाता है। रजोगुण वाले व्यक्ति को दूसरे और तमोगुणी को तीसरे दर्जे का व्यक्ति कहा गया है। मगर विचार तीनों तरह के मनुष्यों में उठते हैं । चाहे अच्छे विचार आएं या बुरे विचार आएं। किसी के लिए वे शुभ और किसी के लिए अशुभ हो सकते हैं। मगर विचार अपना काम करते हैं। मनुष्य की श्रेष्ठता उसकी दूरदर्शिता में छिपी होती है। किसी व्यक्ति में सहिष्णुता होती है। किसी में नहीं होती है। कोई व्यक्ति बार-बार क्रोध में गिरता है। फिर वापस होता है। क्रोध से। फिर वह पश्चाताप में गिरता है कि सम्भवतः गलत हो गया। क्रोध अकारण थे। मगर विचार उसे रुकने नहीं देते। उसे स्थिर नहीं करते हैं। व्यक्ति के विचारों में स्थिरता आ जाए तो तब ही उसे क्रोध और अक्रोध दोनों के दर्शन होते हैं। जीवन के प्रवाह के लिए स्थिरता का घटित होना भी आवश्यक है।पतंजलि कहते है कि चित्त की वृत्तियों का निरोध योग है। वृत्तियों को रोकना उन्हें वापस चैतन्य धन पुरुष के पास ले जाने वाले रास्ते पर लाना योग का पहला चरण है। जैसे विक्षिप्त अवस्था मन को बिखेर देती है। तब मन की प्रवृत्ति केवल सुख और दुख दो भागों में प्रकाशित होने की होती है। पतंजलि योग सूत्र प्रथम अध्याय (योगश्चित्त वृत्ति निरोधः)

हमें अपने विचारों पर लगातार ध्यान देना चाहिए। हमारे विचार कैसे हैं? क्या वे मनुष्यता के लिए कार्य कर रहे हैं? क्या हमारे विचार किसी सजृन की ओर ले जा रहे हैं। क्या सृजन के सपनों के साथ पंख फैलाकर मुक्त आकाश में उड़ने वाले विचार हैं। विचारों की शक्ति मात्र समाज में व्यक्तियों के ही बीच नहीं रहती । वह शक्ति अंतरिक्ष तक जाती है। हमारे विचार हवा की तरह उड़ते हैं। चलते हैं जहां उन्हे अपने अनुरूप वातावरण मिलता है वहां वे रुकते हैं। यहां भी ध्यान रहे सृजन और विध्वंस साथ हैं। विचार हमारी चेतना को ही नहीं अपितु पदार्थ को भी प्रभावित करते हैं। एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तित कर देना विचारों की सामर्थ्य होती है। लम्बे समय तक यह धारणा थी कि कोई पूंजीपति,दबंग व्यक्ति या अन्य शक्तिशाली लोग ही प्रगति करते हैं। अब यह धारणा विदा हो गई। पूरी दुनिया के सभी परिवर्तन मजबूत विचारों से ही पैदा हुए हैं और परिवर्तन सम्भव हो सका है। विचार जैसे आएं, उनको आदर दीजिए। नमस्कार कीजिए। मंथन कीजिए। और अन्त में उन्हें परिष्कृत करते हुए अपने जीवन में उनके सदुपयोग का मार्ग दीजिए। आपके अच्छे विचार आपको अच्छे मार्गों की ओर जाने को प्रेरित होंगे। आप अपने विचारों को लेकर व्यक्तिगत जीवन में और राष्ट्र जीवन में क्रान्ति और शांति दोनों ला सकते हैं। आपके विचार समाज के लिए शुभ हो सकते हैं। अपने विचारों वाला संगठन बना सकते हैं। जब एक विचार के एक से अधिक व्यक्ति साथ चलते हैं, तब संगठन बन जाता है। जब वैचारिक रूप से साथ-साथ हों, तभी अच्छे संगठन और राष्ट्र समाज का निर्माण सम्भव है।

भारत में लगातार वैदिककाल से अब तक इस बात पर अधिक जोर दिया गया कि अपने मन को पवित्र रखना अति आवश्यक है। पवित्र विचारों वाले लोग ही एक समय में सफल होते हैं। पवित्र मन वाले लोग उच्च शक्ति से लैस हो जाते हैं। प्रत्येक बार हमें अपनी वैचारिक सर्जना को प्रकट करते हुए जीवन यात्रा में निरन्तर आगे बढ़ना चाहिए। कई बार लगता है जो अच्छे विचारों वाले लोग नहीं है। उनकी प्रगति आसमान छू रही है। वे सर्वशक्तिमान दिखाई पड़ते हैं मगर ऐसे लोगों से प्रेरित होने की जरूरत नहीं लगती है। भारत में चाहे मर्यादा पुरुषोत्तम राम हों, श्रीकृष्ण हों, बुद्ध हों, महावीर हों, नानक हों या कबीर ,सभी सन्मार्ग पर ही चलने की बात करते हैं। आधुनिक संदर्भ में स्वामी विवेकानन्द, पं. श्रीराम शर्मा आचार्य भी महामार्ग की बात करते है। स्वामी विवेकानन्द कहते हैं कि स्वर्ग नर्क कहीं नहीं हमारे विचारों में है। विचार कहां से आते हैं। विज्ञान कहता है कि विचार एक ऊर्जा है। यह ऊर्जा व्यक्ति के अंतस में आती है। अमेरिकी लेखक डेल कारनेगी कहते हैं कि जीवन में मैंने सबसे महत्वपूर्ण बात सीखी तो है वह विचारों की शक्ति सर्वोच्च तथा अपार है। दुनिया के विचारकों और दार्शनिकों ने विचारों की ऊर्जा शक्ति को असाधारण माना है। प्रतिदिन कई बार सुखमय संसार दिखता है। अगले क्षण लगता है यह संसार रहने जैसा नहीं है। यह त्याग देने जैसा है। तो कोई कहता है यह क्षणभंगुर है। वैदिक साहित्य ढांढस देता है, कि कर्म करते हुए सौ वर्ष तक जीने की इच्छा रखो । जीवेत शरद शतम। विचार विज्ञान को समझें। विचारों की शक्ति पर अपने समय में काफी काम हुआ है । यह माना गया कि ध्वनि ,प्रकाश और ताप की तरह चेतना क्षेत्र में विचारों की भी एक जीवंत शक्ति है। तभी अध्ययन का क्रम चला। सत्संग की व्यवस्था हुई । परामर्श और प्रवचन की शैली का विकास हुआ। विचारों ने विचारों को काटा और विचारों ने विचारों का समर्थन किया। व्यक्तियों और समाजों को ऊंचा उठाने गिराने में विचारों की असाधारण भूमिका रही है। कई बार लोगों के मौलिक विचार भी नहीं होते। मगर कुछ कर गुजरने की इच्छा गहरी होती है। किसी को अपना जीवन लक्ष्य बनाने के लिए कौन से विचार ग्रहण करने चाहिए, इसका सबसे सरल उपाय है कि विचारों को सुनना होगा। फिर मन में विचार करना होगा कि हमारे कौन से विचार श्रेष्ठ हैं। यह समझना होगा कि जिन विचारों को मन में गहरे ले जा रहे हैं, उनमें हमारा सामंजस्य है या नहीं। हमारी क्षमताएं उन विचारों के क्रियान्वयन के लिए तैयार हैं । उन्हें लागू करने के लिए बड़े संयम और धैर्य की आवश्यकता होती है। बुद्धिमानी इसी में है कि जो उपलब्ध है उसी का आनंद लिया जाए।

# आत्मनिर्भर भारत की आकांक्षा



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

भारत आत्मनिर्भर, स्वावलंबी, और विकसित बनने की दिशा में अग्रसर है। मोदी सरकार का प्रत्येक निर्णय लोक कल्याण और राष्ट्रीय हित के अनुरूप है। लोकसभा में प्रस्तुत बजट विकसित भारत की नींव को मजबूत सम्बन्धी मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समावेशी और अभिनव बजट है। इसमें निरंतरता का आत्मविश्वास है। ये बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा। सरकार ने उन चुनौतियों पर सही तरीके से काबू पाया है। कोरोना के बाद अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी। मगर भारत की अर्थव्यवस्था अब विकास की राह पर है। आत्मनिर्भर भारत पैकेज के सहारे भारत की विकास यात्रा को नई गति मिली है। देश आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ा है। इस दशक के अंत तक भारत, जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा। राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए कहा था कि सरकारी योजनाओं के एक रुपये में से केवल पन्द्रह पैसा ही गरीबों तक पहुंचता है। लेकिन वे बस कहकर ही रह गए, समाधान की दिशा में कुछ नहीं किया। समाधान मोदी ने किया है। आज सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ सीधे लोगों के खातों में पहुंच रहा है। भारत का डिजिटली लेनदेन ऐतिहासिक है। उसने दुनिया को नई दिशा दिखाई है। रिकॉर्ड सैटेलाइट्स का प्रक्षेपण अंतरिक्ष में बढ़ती शक्ति का शानदार उदाहरण है। शांति और सौहार्द का संदेश दुनिया को मुरीद बना रहा है। भारत ने दुनिया की सबसे ज्यादा सुधारात्मक कर प्रणाली जीएसटी लागू की है। उसका अभूतपूर्व फायदा आज देश देख रहा है। इंडिया विजन में विकास और लोक कल्याण का समावेश है। भारत को विकसित बनाने का संकल्प है। संकल्प को सिद्ध करने की इच्छाशक्ति है।

दस साल में तीस करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं को सत्तर प्रतिशत आवास महिलाओं को मिले हैं। सरकार ने उभरती प्रौद्योगिकी में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का कोष बनाने का प्रस्ताव रखा है। महिला उद्यमियों को तीस करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिये गये हैं। दस वर्षों में उच्च शिक्षा में महिला नामांकन में अट्ठाइस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। तकनीकी पाठ्यक्रमों में लड़कियों और महिलाओं का नामांकन तैतालिस



प्रतिशत है। जो दुनिया में सबसे अधिक है। प्लेटफॉर्मों पर बैठने के लिए बेहतर सीटें लग रही हैं। अच्छे वेटिंग रूम बनाए जा रहे हैं। हजारों रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाईफाई की सुविधा है। सरकार ने स्टेशनों को शहर और राज्यों की पहचान से जोड़ने के लिए वन स्टेशन, वन प्रॉडक्ट योजना भी शुरू की है। इससे पूरे इलाके के लोगों,कामगारों और कारीगरों को लाभ होगा। जिले की ब्रांडिंग भी अमृत रेलवे स्टेशन विरासत के प्रति गर्व की अनुभूति कराने वाले होंगे। इन स्टेशनों में देश की संस्कृति और स्थानीय विरासत की झलक दिखेगी।

पूंजीगत व्यय के लिए 11,11,111 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। यह हमारी जीडीपी का 3.4 प्रतिशत होगा। राज्यों को उनके संसाधन आवंटन में सहायता करने के लिए इस वर्ष भी दीर्घावधि ब्याज रहित ऋण का प्रावधान किया गया है। यह बजट समाज के हर वर्ग को सशक्त करेगा। पिछले दस वर्षों में पच्चीस करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकले हैं। ये जो नव मध्यम वर्ग बना है, ये बजट उनके सशक्तिकरण की निरंतरता का बजट है। प्रधानमंत्री ने बजट में युवाओं पर जोर दिए जाने का हवाला देते हुए कहा कि इसके उपायों से युवाओं के लिए कई नए अवसर खुलेंगे।

इस बजट से शिक्षा और स्किल को नई स्केल मिलेगी। ये मीडिल क्लास को नई ताकत देने वाला बजट है। ये जनजातीय समाज, दलितों और पिछड़ों को सशक्त करने की मजबूत योजनाओं के साथ आया है। इस बजट से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। शहर, गांव, हर घर उद्यमी बनाना है। इसी उद्देश्य से बिना गारंटी के मुद्रा लोन की लिमिट को दस लाख रुपये से बढ़ाकर बीस लाख रुपये किया गया है। इससे छोटे कारोबारियों, विशेष रूप से महिलाओं, दलित, पिछड़े और आदिवासी परिवारों में स्वरोजगार को बल मिलेगा। सुनिश्चित किया है कि गरीब और मध्यम वर्ग को लगातार टैक्स से राहत दी जाए। इस बजट में भी इनकम टैक्स में कटौती और स्टैंडर्ड डिडक्शन में बढ़ोतरी का बहुत बड़ा फैसला लिया गया है। टीडीएस के मानकों को पूरा करना भी आसान है। इन स्टेप्स से हर टैक्सपेयर को अतिरिक्त बचत होने वाली है। बजट में बच्चों के लिए एक नई पेंशन योजना वात्सल्य की घोषणा की है। इस पेंशन योजना में माता-पिता और अभिभावक अंशदान करेंगे। वयस्क होने पर इस योजना को सहज रूप से एक सामान्य एनपीएस खाते में बदला जा सकेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकसभा में प्रस्तुत बजट का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में नई संसद में वित्त मंत्री ने देश का आम बजट प्रस्तुत किया है। यह बजट सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, विकासोन्मुख,भारतवासियों की आशा, आकांक्षा और अमृतकाल के संकल्पों को पूरा करने वाला सिद्ध होगा। आम बजट आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है। इसमें अंत्योदय की पावन भावना,विकास की असीम संभावना और नवोन्मेष की नवदृष्टि है। समाज के हर तबके के लिए बजट में किया गया। बजट प्रावधान रामराज्य की अवधारणा को साकार करने वाला है। बजट किसानों की समृद्धि में बड़ी भूमिका का निर्वहन करने वाला हैं। किसानों की समृद्धि, कृषि व सहायक सेक्टरों के लिए डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक और महिला सशक्तिकरण के लिए तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। इससे सर्वाधिक लाभान्वित देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की आधी आबादी होने वाली है। खास तौर पर तब, जब उत्तर प्रदेश 2020 से ही 'मिशन शक्ति' के कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से जमीनी धरातल पर उतार रहा है। सर्वाधिक अन्नदाता किसान उत्तर प्रदेश में निवास कर रहा है। उन अन्नदाता किसानों की समृद्धि में संसद में प्रस्तुत आम बजट बड़ी भूमिका का निर्वहन करने वाला है। योगी आदित्यनाथ ने युवाओं के लिए लाखों नौकरियों के साथ-साथ मध्यमवर्गीय परिवार के लिए इनकम टैक्स में नए टैक्स स्लैब की रियायत को स्वागत योग्य बताया। बोले कि यह बजट भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी में बदलने के संकल्प के साथ ही दुनिया के ग्रोथ इंजन के रूप में भारत की भूमिका और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के आर्थिक दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत किया गया है। मध्यमवर्गीय परिवारों को टैक्स में आज सबसे बड़ी छूट उपलब्ध हुई है। यह मांग लंबे समय तक चली आ रही थी। तीन लाख तक के इनकम टैक्स में कोई टैक्स नहीं लगेगा। अन्य स्लैब भी राहत भरे हैं। अलग-अलग सेक्टर गांव-गरीब, किसान, नौजवान, इंडस्ट्री, एमएसएमई सेक्टर के लिए किए गए प्रावधान से लाखों नौकरियां सृजित होंगी। समाज के हर तबके के लिए बजट में किया गया प्रावधान रामराज्य की अवधारणा को साकार करने वाला है।

# केंद्र ने की सरकारी कर्मचारियों के मौलिक अधिकार की रक्षा



लोकेन्द्र सिंह

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों के शामिल होने पर लगे प्रतिबंध को हटाकर नागरिक स्वतंत्रता की ही नहीं मौलिक अधिकार की रक्षा की है। अब कर्मचारी संघ की गतिविधियों में सामान्य नागरिकों की भांति शामिल हो सकेंगे। निसंदेह, सरकार का यह निर्णय लोकतंत्र और संविधान की भावना को मजबूत करने वाला है। भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को यह अधिकार देता है कि वह विविध सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठनों में शामिल हो सके। एक सामान्य नागरिक की भांति यह अधिकार कर्मचारियों को भी प्राप्त है कि अपने कार्यालयीन समय के बाद सामाजिक गतिविधियों का हिस्सा हो सकते हैं। परंतु, लोकतंत्र और संविधान की मूल भावना को कमजोर करते हुए तत्कालीन सरकार ने 1966 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इतना ही नहीं, सरकारी कर्मचारी के संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई का विधान भी रखा था। यह एक प्रकार से राष्ट्रीय विचार के प्रति झुकाव रखनेवाले लोगों को हतोत्साहित करने का प्रयास ही था।

इस तानाशाही एवं द्वेषपूर्ण निर्णय का उत्तर संघ ने तो कभी नहीं दिया लेकिन समाज ने अवश्य ही आईना दिखाने का कार्य किया। संघ को दबाने एवं समाप्त करने के लिए अनेक प्रयत्न किए हैं। इस आदेश के अतिरिक्त तीन बार पूर्ण प्रतिबंध भी लगाया। संघ की छवि खराब करने के लिए बड़े-बड़े नेताओं की ओर से मिथ्या प्रचार भी किया गया। अपने समर्थक बुद्धिजीवियों से पुस्तकें भी लिखवाई गई। लेकिन संघ विरोधियों के ये सब प्रयास विफल ही रहे। निस्वार्थ भाव से देश और समाज के लिए कार्य करनेवाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को कोई रोक नहीं सका। अपनी लंबी यात्रा में संघ ने लगातार प्रगति एवं विस्तार ही किया है। अपने विचार, आचरण एवं सेवाकार्यों से संघ ने समाज का विश्वास जीता, जिसके कारण समाज सदैव संघ के साथ खड़ा रहा।

कई ऐसे उदाहरण हैं, जिनमें संघ गतिविधि में शामिल होने पर सरकारों ने सरकारी कर्मचारी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की। लेकिन वे सभी मामले न्यायालय में टिक नहीं सके। संघ के स्वयंसेवक न्यायालय से जीतकर आए। उनकी छोटी-छोटी जीतों की शृंखला ने भी यह साबित किया कि संघ की गतिविधियों में शामिल होने से रोकने के लिए लगाया गया तत्कालीन सरकार का आदेश संविधान एवं मौलिक अधिकारों की मूल भावना के विरुद्ध था। इस प्रतिबंध को 1966 के बाद से ही चुनौती मिलने लगी थी। क्योंकि संघकार्य को बाधित करने और स्वयंसेवकों को प्रताड़ित करने की जिस मंशा से सरकार ने यह प्रतिबंध लगाया था, उसे अंजाम देने का कार्य देशभर में शुरू किया गया। इस प्रतिबंध को हथियार बनाकर सरकारों ने देश के विभिन्न राज्यों में संघ से जुड़े कार्यकर्ताओं की नौकरी छीनना शुरू कर दिया। सरकार की मनमानी को स्वयंसेवकों ने न्यायालयों में चुनौती दी, जहां सरकारों को मुंह की खानी पड़ी। मैसूर उच्च न्यायालय ने वर्ष 1966 में रंगनाथचार अग्निहोत्री की याचिका पर निर्णय देते हुए कहा था कि प्रथम दृष्ट्या आरएसएस एक गैर-राजनैतिक एवं सांस्कृतिक संगठन है जो कि गैर-हिंदुओं के प्रति किसी भी द्वेष अथवा घृणा की भावना से मुक्त है। इसी क्रम मे न्यायालय ने आगे कहा कि संघ ने भारत में लोकतांत्रिक पद्धति को स्वीकार किया है। अतः राज्य सरकार द्वारा याची को सेवा से हटाने का निर्णय गलत है। इसके साथ ही न्यायालय ने उक्त कर्मचारी को सेवा में बहाल करने का निर्णय सुनाया। इसी प्रकार, वर्ष 1967 में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के कर्मचारी रामपाल को पद से हटाने संबंधी आदेश को रद्द करते हुए कहा कि संघ कोई राजनैतिक संगठन नहीं है, अतः इसकी गतिविधियों में भागीदारी करना कानूनी रूप से गलत नहीं है। ज्ञातव्य है कि राज्य सरकार द्वारा रामपाल को पद से इस आधार पर हटाया गया था कि वे संघ की गतिविधियों में भाग लेते हैं एवं राज्य की दृष्टि में संघ एक राजनैतिक संगठन है। भारत प्रसाद त्रिपाठी बनाम मध्य प्रदेश सरकार तथा अन्य प्रकरण में तो 1973 में मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालय ने यहां तक कह दिया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के किसी कार्यक्रम में भाग लेने के आधार पर किसी कर्मचारी की सेवा समाप्त नहीं की जा सकती। किसी अंतरस्थ हेतु जारी किया गया (इस आशय का) कोई आदेश वैध नहीं ठहराया जा सकता। यानी न्यायालय ने संघ की गतिविधि में शामिल होने से रोकने के लिए लगाए गए किसी भी प्रतिबंध/आदेश को अवैध करार दिया। इसके अलावा 'मध्यप्रदेश राज्य बनाम राम शंकर रघुवंशी तथा अन्य (1983)', मामले में उच्च न्यायालय, 'श्रीमती थाट्टुमकर बनाम महाप्रबंधक टेलीकम्यूनिकेशन्स, केरल मंडल (1982)' मामले में अर्नाकुलम स्थित केरल उच्च न्यायालय और 'डीबी गोहल बनाम जिला न्यायाधीश, भावनगर तथा अन्य (1970)' मामले में गुजरात उच्च न्यायालय ने यही निर्णय दिए कि संघ से जुड़े होने या उसके कार्यक्रमों में शामिल होने के आधार पर किसी कर्मचारी पर न तो कार्रवाई की जा सकती है और न ही उन्हें सेवा से हटाया जा सकता है।

कुछ प्रकरण ऐसे भी हैं, जिनमें संघ के कार्यकर्ताओं को इस प्रतिबंध के लागू होने से पहले ही निशाना बनाया गया। इन मामलों से स्पष्ट है कि तत्कालीन सरकारें शुरू से ही चाहती थीं कि संघ के कार्यक्रमों में शामिल होनेवाले लोगों के मन में भय उत्पन्न किया जाए। ताकि हिन्दुओं के संगठन के कार्य को रोका जा सके। परंतु, न्यायपालिका से लेकर आमजन की कसौटी पर राष्ट्रीय विचार को कमजोर करने के सभी प्रयास विफल रहे। 'कृष्ण लाल बनाम मध्यभारत राज्य (1955)' में इंदौर स्थित मध्य भारत उच्च न्यायालय, 'चिंतामणि नुरगांवकर बनाम पोस्ट मास्टर जनरल, कें.मं., नागपुर (1962)' में बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर न्यायपीठ, 'जयकिशन महरोत्रा बनाम महालेखाकार (1963)' में इलाहाबाद उच्च न्यायालय, 'केदारलाल अग्रवाल बनाम राजस्थान राज्य तथा अन्य (1964)' मामले में जोधपुर स्थित राजस्थान उच्च न्यायालय और 'मनोहर अंबोकर बनाम भारत संघ तथा अन्य (1965)' प्रकरण में दिल्ली स्थित पंजाब उच्च न्यायालय ने यही कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गैरकानूनी संगठन नहीं है। सरकारी कर्मचारी को संघ के कार्यक्रमों में भाग लेने के आधार पर दंडित नहीं किया जा सकता। यदि कोई सरकारी कर्मचारी संघ का सदस्य है तब भी उसे इस आधार पर अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त नहीं किया जा सकता। स्मरण रखें कि अंग्रेजों ने भी सरकारी कर्मचारियों के संघ से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया था। अंग्रेजी हुकूमत की ओर से जारी परिपत्र में आदेश दिया गया कि ''सरकार ने निर्णय लिया है कि किसी भी सरकारी कर्मचारी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सदस्य बनने अथवा उसके कार्यक्रमों में भाग लेने की अनुमति नहीं रहेगी''। कहा जा सकता है कि सरकारी कर्मचारियों को आरएसएस की गतिविधियों में भाग लेने से रोकने के लिए जिस प्रकार का प्रतिबंध कांग्रेस सरकार ने लगाया, वह औपनिवेशिक काल की अंग्रेजों की नीति को ही आगे बढ़ाने का कार्य था। बाद के वर्षों में जब राज्यों में राष्ट्रीय विचार का पोषण करनेवाली सरकारें आईं तो उन्होंने लोकतंत्र एवं मौलिक अधिकार विरोधी इस प्रतिबंध को राज्यों में समाप्त कर दिया। संघ ने इस प्रतिबंध की कभी चिंता नहीं की क्योंकि न्यायालयों में इस तुगलकी फरमान के घुटने इतने अधिक छिल गए थे कि यह स्वतः ही निष्प्रभावी हो गया था। फिर भी, वर्ष 2000 में जब संघ के तत्कालीन सरसंघचालक प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह उपाख्य रज्जू भैया से पूछा गया कि संघ इस प्रतिबंध को लेकर क्या सोचता है? तब उन्होंने कहा था कि संघ की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने पर प्रतिबंध लगाने अथवा हटाने की कार्यवाही में हम कोई हस्तक्षेप नहीं करेंगे, इसके निर्णय का अधिकार सरकारों के पास है।

उल्लेखनीय है कि गुजरात सरकार ने इस दिशा में सबसे पहला कदम उठाया। बाद में उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश की सरकारों ने भी प्रतिबंध को हटा लिया। यह प्रतिबंध केवल केंद्र सरकार में रह गया था, उसे भी वर्तमान केंद्र सरकार ने संघ के हस्तक्षेप के बिना, स्वतः ही समीक्षा करने के बाद हटा लिया है। केंद्र सरकार के निर्णय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से भी संतुलित टिप्पणी की गई है। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा- ''राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गत 99 वर्षों से सतत राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं समाज की सेवा में संलग्न है। राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता-अखंडता एवं प्राकृतिक आपदा के समय में समाज को साथ लेकर संघ के योगदान के चलते समय-समय पर देश के विभिन्न प्रकार के नेतृत्व ने संघ की भूमिका की प्रशंसा भी की है।

# मणिपुर में शांति बहाली के लिए सरकार ठोस कदम कब उठाएगी?



मनोज कुमार अग्रवाल

मणिपुर आज से करीब एक साल पहले हुई हिंसा में अभी तक सुलग रहा है। बीता साल मणिपुर के लिए हिंसा का वह दौर लेकर आया, जिसकी कल्पना भी कभी इस पूर्वोत्तर राज्य ने नहीं की थी. हिंसा के उस आक्रामक दौर को एक साल बीत चुका है। देश में उत्तर-पूर्व के 7 राज्य सप्तमणी या सेवनसिसटर्स अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।इनमें से मणिपुर में स्थिति लम्बे समय से काफी गंभीर बनी हुई है। वहांपिछले एक वर्ष से अधिक समय से कुकी और मैतेई समुदायों के बीच जारी जातीय संघर्ष के परिणामस्वरूप लगभग 230 लोगों की जान जा चुकी है और 65,000 से अधिक लोग बेघर होकर राहत शिविरों में रह रहे हैं।

लगभग 37 लाख की आबादी वाले मणिपुर के इतिहास में कई घटनाएं हुई हैं. अदालत के एक आदेश के बाद तीन मई 2023 को मणिपुर की घाटी और पहाड़ों में रहने वाले दो समुदायों के बीच ऐसी जंग छिड़ गई जिसका आज अंत नहीं हो रहा. इंफाल समेत पूरी घाटी में रहने वाले मैतेई बहुल इलाकों और घाटी के चारों तरफ पहाड़ों पर रहने वाले कुकी आदिवासी बहुल इलाकों के बीच एक अलगाव और घृणा की दीवार बन गयी है।

हिंसा के बाद हिंदू मैतेई बहुल इलाकों से कुकी आदिवासी समाज के लोग अपनी घर, जमीन छोड़कर भागने पर विवश हो गए तो वही कुकी बहुल इलाकों में रहने वाले हिंदू सब कुछ छोड़कर या तो इंफाल घाटी लौट आए या राज्य ही छोड़कर दिल्ली समेत दूसरे इलाकों में बसने पर मजबूर हो गए हैं। हालांकि सरकार मणिपुर में हालात सामान्य होने का दावा करती है लेकिन सरकार के दावों के विपरीत राज्य में हिंसा थम नहीं रही है चालू वर्ष में भी लगातार हिंसा की वारदातों से मणिपुर के हालात का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक 17 जनवरी को 'मोरेह' इलाके में उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों के वाहन पर हमला करके 2 जवानों को शहीद कर दिया। उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों की एक चौकी पर भी बम फेंके और गोलीबारी की। 15 फरवरी को 'कुकी' तथा' जो' जनजाति की बहुलता वाले ' चुराचांदपुर' जिले में उपद्रवी भीड़ द्वारा एसपी. और डीसी कार्यालयों पर पथराव व आगजनी से 2 नागरिकों की मौत तथा 40 से अधिक घायल हो गए। 26 अप्रैल को 'विष्णुपुर' जिले में 'कुकी' उग्रवादियों ने सेंट्रल फोर्स की चौकी पर बमों से हमला कर दिया जिससे 2 जवान शहीद और 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। 8 जून को 'जिरीबाम' जिले में उग्रवादियों ने 2




पुलिस चौकियों, एक फॉरेस्ट आफिस तथा 70 मकानों को आग लगा कर खाक कर दिया। 10 जून को मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के काफिले पर हमले में 2 सुरक्षा कर्मचारी घायल हो गए। यह हमला मुख्यमंत्री के हिंसाग्रस्त क्षेत्र के दौरे पर आने से 2 दिन पहले हुआ था। 14 जुलाई की सुबह भारी हथियारों से लैस संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने 'जिरीबाम' जिले में 'मैतेई' बहुल गांव और सुरक्षा कर्मियों को निशाना बना कर सी.आर.पी.एफ. के जवान अजय कुमार झा की गोली मार कर हत्या तथा 3 अन्य जवानों को घायल कर दिया।आरोप है कि जिस सटीकता से हमले किए गए उससे स्पष्ट है कि आतंकवादी अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल कर रहे थे।वहीं हाल ही में 16 जुलाई को इंफाल ईस्ट के 'कोंथा खाबम' में एक समाचारपत्र 'नाहरोलगी थौडांग' के संपादक 'खोइरोम लोयलकपा' के आवास पर अज्ञात हमलावरों ने गोलियां चलाई जिससे इलाके में दहशत फैल गई।

इस हिंसाग्रस्त राज्य में हालांकि सरकार द्वारा स्थिति नियंत्रण में बताई जाती है परन्तु वास्तविकता इसके विपरीत ही प्रतीत होती है तथा उग्रवादियों के कब्जे से तरह-तरह के देसी-विदेशी हथियार बरामद हो रहे हैं।

इनमें 7.62 एमएम एके56 असाल्ट राइफलें, पीटी 22 राइफलें, 12 इंच की सिंगल बैरल बंदूकें, इम्प्रोवाइज्ड प्रोजैक्टाइल लांचर, चीनी हैंड ग्रेनेड, 51 एमएम मोर्टार, चीनी वाकी टाकी सैट, 1 एसएलआर, .38 पिस्टल, ग्रेनेड और एक्सकैलिबर राइफलें, एमए-3, एमए-2 और .45 पिस्टल और 9 एमएम पिस्टल आदि शामिल हैं।

हाल ही में मणिपुर के हालात पर टिप्पणी करते हुए पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने कुछ समय पहले कहा था कि "मणिपुर में जो हो रहा है, उसमें विदेशी एजेंसियों की संलिप्तता से इन्कार नहीं किया जा सकता।" "सीमावर्ती राज्यों में अस्थिरता देश की सुरक्षा के लिए अच्छी नहीं है। अलग- अलग विद्रोही समूहों को मिल रही कथित चीनी मदद कई वर्षों से जारी है।" प्रेक्षकों के अनुसार "यदि यह सच है कि मणिपुर हिंसा को समस्या बनाने के लिए विदेशी ताकतें शामिल हैं, विशेषकर चीन, जो इन विद्रोही संगठनों को मदद दे रहा है, तो हमें इसकी उपेक्षा न करके इसे गंभीरता से लेना चाहिए।बार बार संसद में भी विपक्षी दल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर मणिपुर का दौरा न करने और मणिपुर हिंसा का समाधान करने के लिए प्राथमिकता न अपनाने का आरोप लगाते रहे हैं। यहां तक कि सरकार के गठन के बाद पीएम के पहले संसद संबोधन के दौरान भी विपक्ष के सांसद मणिपुर को लेकर नारेबाजी और रोका टोकी करते रहे।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मणिपुर की लगातार बिगड़ रही स्थिति पर नियंत्रण के लिए लागू किए गए उपायों का समुचित परिणाम नही मिला है। पिछले दिनों विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मणिपुर का दौरा कर की अहम सवाल उठाए थे। हमारा सुझाव है कि प्रधानमंत्री मोदी को स्वयं मणिपुर में स्थलीय दौरा कर लोगों के बीच बने नफरत के जख्मों को भरने का प्रयास करना चाहिए। हमारे पीएम स्वयं एक प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी शख्सियत है हमारा विश्वास है कि उनका मणिपुर के भोले भाले लोगों के बीच जाना और नफरत भुलाकर शांति लौटाने की अपील करना बेहद सार्थक परिणाम ला सकता है। अब काफी देर हो चुकी है लेकिन देर आयद दुरूस्त आयद पीएम मोदी को अब से। सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर इस समस्या का हल निकालने की कोशिश करनी चाहिए ताकि इस सीमावर्ती राज्य में सामान्य स्थिति बहाल हो दो जनजातियों के बीच खिची नफरत की दीवारों को गिराकर आपसी भाई चारे और मानवीयता का संदेश देकर प्रदेश में सवा साल से जल रही परस्पर घृणा की आग को ठंडी करने में कामयाबी मिले और देश की सामरिक सुरक्षा व सद्भाव कायम रहे।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## संक्षिप्त समाचार

### अलग-अलग मामलें में पुलिस ने किए तीन आरोपी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलें में फरार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार करीब तीन माह पहले किशोरी का बहला-फुसलाकर अपहरण करने व बाद में दुष्कर्म करने के मामलें में भुसावर थाना क्षेत्र के गांव महतौली निवासी विष्णु कुमार को गिरफ्तार किया। जबकि, नदबई थाना क्षेत्र के गांव हरनेरा निवासी ईश्वर सिंह पुत्र रतन सिंह को घर में घुसकर महिला से छेडछाड़ करने व विरोध करने पर मारपीट करने के मामलें में मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया।

इसी प्रकार अवैध शराब बिक्री के मामलें में खांगरी निवासी हाकिम सिंह पुत्र चेतराम को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि, करीब तीन माह पहले गिरफ्तार आरोपी अपने घर के समीप झोपडी में अवैध तरीके से शराब बिक्री कर रहा। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भारी मात्र में देशी व अंग्रेजी शराब बरामद की। लेकिन, कार्रवाई दौरान आरोपी मौके से फरार हो गए। बाद में पुलिस ने बुधवार को आरोपी गिरफ्तार किया।

### राजस्व मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने किया राविरा विशेषांक का विमोचन




**चमकता राजस्थान। जयपुर, 24 जुलाई।** राजस्व मंडल द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका राविरा के 'चयनित निर्णय एवं निबंध' विशेषांक का विमोचन राजस्व मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने बुधवार को किया। राविरा के इस अंक में राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली में गुणात्मक सुधार को लेकर राजस्व मंडल स्तर से वर्ष 2023 के दौरान राज्य के अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों के लिए आयोजित सर्वश्रेष्ठ निर्णय लेखन प्रतियोगिता के तहत राज्य, संभाग एवं जिला स्तर पर चयनित प्रविष्टियां तथा पंचवर्गीय निबंध लेखन प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त रचनाओं को पाठ्य सामग्री के रूप में प्रमुखतः शामिल किया गया है। इसके साथ ही राजस्व न्यायालय एवं कार्यालयों का दीर्घकालिक अनुभव रखने वाले लेखकों के भू अभिलेख आधुनिकीकरण, कृषि प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन नियम, अधिकारियों के कर्तव्य, समस्याओं का समाधान, न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णय, राजस्व न्याय व्यवस्था में सुधार तथा राजस्थान में ई गवर्नेंस विषयक आलेखों को भी शामिल किया गया है। इस अवसर पर राजस्व मंडल निबंधक महावीर प्रसाद, उप निबंधक मो. सलीम खान, श्रीमती सुनीता यादव, संपादक पवन शर्मा, वरिष्ठ निजी सचिव सुधीर शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### जमात के पास शेष जी की डूंगरी पर आज भरेगा मेला

- **भंडारे का भी होगा आयोजन श्रद्धालु करेंगे प्रसादी ग्रहण**
- **श्रद्धालु धोक लगाकर मांगेंगे मन्नत**

**चमकता राजस्थान / उदयपुरवाटी। ( सुमेर सिंह राव )।** कस्बे




में संतों की तपोस्थली जमात स्थित पाली डूंगरी पर दादू पंथी संत श्री शेष रामजी बाबा का वार्षिक मेले का आयोजन आज किया जाएगा ' मिली जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन कृष्ण पक्ष पंचमी बार गुरुवार को पाली डूंगरी स्थित मंदिर परिसर में मेले का आयोजन होगा ' जानकारी के अनुसार मंदिर परिसर में दूर दराज से आए हुए श्रद्धालु धोक लगाकर मन्नत मांगेंगे ' इसी दौरान मंदिर परिसर में भंडारे का भी आयोजन होगा जिसमें आए हुए श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे ' बुधवार को पाली डूंगरी स्थित शेष जी की डूंगरी पर मंदिर में जागरण का आयोजन हुआ जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायकारों द्वारा भजनों की रसगंगा प्रवाहित की गई '

कस्बे में संतों की तपोस्थली जमात स्थित पाली डूंगरी पर दादू पंथी संत श्री शेष रामजी बाबा का वार्षिक मेले का आयोजन आज किया जाएगा ' मिली जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन कृष्ण पक्ष पंचमी बार गुरुवार को पाली डूंगरी स्थित मंदिर परिसर में मेले का आयोजन होगा ' जानकारी के अनुसार मंदिर परिसर में दूर दराज से आए हुए श्रद्धालु धोक लगाकर मन्नत मांगेंगे ' इसी दौरान मंदिर परिसर में भंडारे का भी आयोजन होगा जिसमें आए हुए श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे ' बुधवार को पाली डूंगरी स्थित शेष जी की डूंगरी पर मंदिर में जागरण का आयोजन हुआ जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायकारों द्वारा भजनों की रसगंगा प्रवाहित की गई '

### कल से होगा अजमेर आगरा इंटरसिटी का संचालन.

**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह) नदबई।** जयपुर रेलवे स्टेशन पर मरम्मत कार्य के चलते विगत दो माह से बंद अजमेर-आगरा फोर्ट इंटरसिटी एक्सप्रेस का संचालन एक बार फिर शुक्रवार से होगा। गौरतलब है कि, जयपुर रेलवे स्टेशन पर मरम्मत कार्य के चलते अजमेर आगरा इंटरसिटी एक्सप्रेस का २९ मई से ७ अगस्त के बीच संचालन बंद हो गया। जिसके चलते दैनिक यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड रहा। दैनिक यात्रियों ने समस्या को लेकर विभागीय उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। जिसके चलते निर्धारित समयावधि से पहले ही इंटरसिटी एक्सप्रेस का संचालन शुरु किया

# उप मुख्यमंत्री ने दिखायी नई रोडवेज बसों को हरी झंडी, समाधान पोर्टल का भी किया लोकार्पण

## रोडवेज में भर्ती एवं 1300 नयी बसों की बजट घोषणा मुख्यमंत्री के आमजन को बेहतर परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने की दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक : उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 24 जुलाई।** उप मुख्यमंत्री व परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बुधवार को रोडवेज़ मुख्यालय से 5 नई बीएस-6 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा आमजन को बेहतर परिवहन व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए रोडवेज बेड़े में नई बसों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा में 1650 कार्मिकों की भर्ती एवं 1300 नई बसें शामिल करने की घोषणा मुख्यमंत्री के आमजन को सुरक्षित एवं सुगम परिवहन की मुहैया कराने की दृढ़ इच्छा शक्ति को दर्शाती है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने यह भी जानकारी दी कि बेड़े में शामिल बसें नवीनतम प्रदूषण नियंत्रण मानक युक्त बीएस-6 श्रेणी की है जिसकी बस बॉडी का निर्माण कार्य नवीनतम बस बॉडी कोड एआईएस-052 अनुसार करवाया गया हैं जो उन्हें और अधिक सुरक्षित बनाता है। यह सभी वाहन वीटीएस (व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम) एवं महिला सुरक्षा हेतु पैनिक बटन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से लैस है। इसके साथ ही इनमें यात्रियों की सुविधा के लिए प्रत्येक पंक्ति में मोबाईल चार्जर सॉकेट लगाये गये है।




### समाधान पोर्टल का लोकार्पण

» उप मुख्यमंत्री ने यात्रियों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए निगम की आईटी शाखा द्वारा तैयार समाधान पोर्टल का भी लोकार्पण किया। विभागीय पोर्टल के माध्यम से टिकटधारकों को बिना कार्यालय में उपस्थित हुए शिकायत दर्ज करवाने की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इससे दर्ज शिकायतों पर सक्षम स्तर से होने वाली कार्यवाही में पारदर्शित आयेगी। शिकायतकर्ता शिकायत की वर्तमान स्थिति स्वयं के स्तर पर देखने में सक्षम होगे।

### ● इन शिकायतों का मिलेगा समाधान

» निर्धारित बस स्टोपेज पर बस को ना रोकना।

» बस को बायपास से ले जाना।

» बस एवं बस स्टैण्ड पर उचित साफ–सफाई ना होना।

» बुकिंग क्लर्क द्वारा यात्री को सही सूचना उपलब्ध नहीं कराना।

» आरएफआईडी स्मार्ट कार्ड से रियायत नहीं देना।

» चालक/परिचालक द्वारा अच्छा व्यवहार नहीं करना।

» परिचालक द्वारा टिकिट नहीं देना।

» ऑनलाईन भुगतान के पश्चात टिकिट जारी नहीं होना।

» टिकिट रिफण्ड राशि की जानकारी करना।

» आगार द्वारा बिना सूचना के बस निरस्त कर देना।

इस अवसर पर परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव और रोडवेज़ अध्यक्ष श्रीमती श्रेया गुहा, परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोडा, रोडवेज की कार्यकारी निदेशक (यातायात) डॉ. ज्योति चौहान, कार्यकारी निदेशक (प्रशासन) श्रीमती अनीता मीना, कार्यकारी निदेशक (यांत्रिक) रवि सोनी सहित निगम के अधिकारी उपस्थित रहें।

## कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश भर में निकालेगा मशाल जुलूस: अंकित गुर्जर चेची

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 24 जुलाई।** भाजपा युवा मोर्चा की ओर से कारगिल विजय दिवस 25वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची ने बताया कि भारत-पाक कारगिल युद्ध के दौरान, हमारे वीर सैनिकों ने 26 जुलाई, 1999 को कारगिल में विजय प्राप्त की। इस वर्ष हम कारगिल विजय की 25वीं वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं। इस उपलक्ष्य पर आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में मशाल रैली के पोस्टर का विमोचन किया गया। युवा मोर्चा की ओर से प्रत्येक विधानसभा स्तर पर हजारों की संख्या में युवा कार्यकर्त्ता मशाल लेकर जुलूस में सम्मिलित होंगे। प्रदेश की अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित मशाल जुलूस प्रतीकात्मक/ऐतिहासिक स्थलों जैसे कारगिल शहीदों/कारगिल वीरों/युद्ध वीरों के घरों या युद्ध स्मारकों से शुरू होंगे।




कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक विशाल पार्थ ने बताया कि प्रत्येक मशाल जुलूस का समापन एक प्रमुख स्थान पर ''विजय दीप'' प्रज्जवलित कर किया जाएगा। यह विजय दीप 25 जुलाई की शाम से 26 जुलाई की शाम तक लगातार अखंड रूप से 25 घंटे तक प्रज्जवलित रहेगा। ''विजय दीप'' की रक्षा हेतु 3 से 4 भाजयुमो कार्यकर्ताओं की टीम बारी-बारी से देखभाल करेगी। ''विजय दीप'' पर विद्यालय/महाविद्यालय/विश्व विद्यालयों से एन.सी.सी/एन.एस.एस/स्काउट के युवा छात्र/छात्राओं को कारगिल विजय के नायकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पुरूवंशी ने बताया कि युवा मोर्चा की ओर से गुरूवार 25 जुलाई को शाम 6 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय से अमर जवान ज्योति तक मशाल रैली निकाली जाएगी। 26 जुलाई की शाम को ''विजय दीप'' पर एक सार्वजनिक कार्यक्रम (युवा सम्मेलन/देश भक्ति भजन सध्या/कवि सम्मेलन/सांस्कृतिक कार्यक्रम) आयोजित किया जाएगा। इसमें 1000 युवा शामिल होंगे तथा कार्यक्रम में युद्ध वीरों/परिजनों को सम्मानित किया जाएगा और साथ ही ''विजय दीप'' पर एक प्रदर्शनी भी कारगिल विजय पर आयोजित की जाएगी।

### ट्रेन की चपेट से महिला की मौके पर मौत, मृतक महिला के भाई ने कराया पुलिस में मामला दर्ज

**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** नदबई-खेडली रेलमार्ग पर पिपरऊ रेलवे फाटक समीप ट्रेन की चपेट से एक महिला की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल कर शव को कब्जे में लिया। बाद में मृतक महिला के भाई बरौलीछार निवासी मुकेश जाटव ने प्रेम प्रसंग में बाधा बनने पर ट्रेन के सामने धक्का देकर महिला की हत्या करने का आरोप लगाते हुए मृतक महिला के पति, सास ससुर सहित एक अन्य महिला के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

पुलिस के अनुसार पिपरऊ निवासी मृतक महिला अंजना जाटव के पति नरेश जाटव का एक अन्य महिला मायावती से प्रेम प्रसंग चल रहा। जिसके चलते आरोपी नरेश अपनी पत्नी को आए दिन मारपीट करता। बुधवार को आरोपी पति अपनी पत्नी अंजना जाटव को बहला-फुसलाकर पिपरऊ रेलवे फाटक के समीप ले गया। जहां आरोपी पति नरेश जाटव सहित सास बत्तन देवी, ससुर साहब सिंह व एक अन्य महिला मायादेवी ने ट्रेन के सामने धक्का दे दिया। जिसके चलते अंजना जाटव की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल कर शव को कब्जे में लिया। वही, पुलिस ने उपजिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक महिला के भाई मुकेश जाटव ने महिला के पति, सास-ससुर व एक अन्य महिला के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

### उपनिदेशक की मौजूदगी में लगाए 50 पेड़



**चमकता राजस्थान/सुमेर सिंह राव/नीमकाथाना।** श्री कृष्ण गोशाला समिति रामपुरा बैगा की नांगल ने आज गोशाला परिसर में 50 छायादार पोधे लगाए। इस दौरान पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ रणजीत मेहरानिया ने हरित राजस्थान को ध्यान में रखते हुए गोशाला संचालको से पशुपालन विभाग द्वारा आवंटित लक्ष्य के अनुसार प्रति गोवंश एक पौधा लगाने की अपील की साथ ही इस दौरान उपनिदेशक ने गोशाला की विजिट भी की और गोवंश के बेहतर रख रखाव एवं प्रबंधन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रदान किए । गोशाला प्रबंधन द्वारा गोवंश हेतु नए शेड बनवाने की बात भी कही ।

गोशाला समिति अध्यक्ष साधुराम शर्मा ने बताया कि सभी पोधो को बचाने हेतु जाली लगाई गई है साथ ही बूंद बूंद सिंचाई की तर्ज पर इनमे पानी देने की व्यवस्था भी की गई है। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ महिपाल काजला, ग्राम पंचायत बैगा की नांगल के सरपंच सत्यपाल यादव, ग्राम पंचायत मोठुका के सरपंच लीला राम योगी, पंचायत सदस्य मनीष सैन, गोशाला सचिव रामेश्वर यादव, सदस्य रामनिवास यादव, जगमाल आर्य, पशुधन सहायक उमेश योगी, पशुमित्र मोतीराम यादव एवं पर्यावरण मित्र संदीप आर्य सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

## मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमित आनन्द के निर्देशन में मंडल में लगातार अवैध वेंडिंग के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा

चमकता राजस्थान

**धौलपुर (रामदास तरुण)।** धौलपुर अनाधिकृत/अनब्रांडेड पानी या खाने की पैक्ड वस्तुए पकड़ी जा रही है दिनांकः- 23 जुलाई 24 को मंडल के अवैध वेंडिंग रोकथाम स्क्वाड टीम द्वारा धौलपुर स्टेशन पर औचक चेकिंग के दौरान 09 अवैध वैन्डरो को पकड़ा गया` चैकिंग के दौरान जब उनसे दस्तावेज माँगे गये तो उनके पास कोई भी वैध दस्तावेज नहीं मिले, जिन्हे अग्रिम कार्यवाही हेतु रेल सुरक्षा बल धौलपुर को सुपुर्द किया गया` इसका मुख्य उद्देशय खराब गुणवता की ×खाद्य सामग्री,ओवर चार्जिंग पर रोक लगाना है! इसके तहत स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खानपान इकाईयों पर उचित मूल्यों पर पानी एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध हो! जिससे यात्रियों के साथ ओवर चार्जिंग जैसी घटनाओं पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके।



जनसंपर्क अधिकारी कु.प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया की अवैध वेंडरों के खिलाफ स्पेशल ड्राइव चलाई जा रही हैं जिससे की खराब गुणवता की ×खाद्य सामग्री, ओवर चार्जिंग पर रोक लगायी जा सके, रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों से अपील की जाती है! कि वे अधिकृत वेंडर एवं हॉकर्स से ही खाने-पीने की वस्तुएं खरीदें।

## बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता है : दिया कुमारी

चमकता राजस्थान

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को प्रदेश भर से आये स्कॉउट्स और गाइड्स को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान की डबल इंजन की सरकार उनके भविष्य को संवारने के लिए दिन-रात काम में जुटी है। प्रदेश के कोने-कोने से आज हिंदुस्तान स्काउट्स और गाइड्स राजस्थान राज्य के पाँच सौ से भी ज्यादा स्कॉउट्स और गाइड आज राज्य के बजट में चार करोड़ रुपये का अनुदान जारी किये जाने के लिए उपमुख्यमंत्री का धन्यवाद देने के लिए उनके सिविल लाईन्स निवास पर एकत्र हुए थे।

दिया कुमारी ने कहा कि केन्द्र और राज्य दोनों के बजट का मुख्य उद्देशय विकसित राजस्थान और विकसित भारत के लिए मज़बूत नींव रखना है । उन्होंने कहा कि युवाओं में कौशल विकास, रोज़गार के अवसर और राज्य के आधारभूत ढाँचे को मज़बूत करने से ये विकसित राजस्थान का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है और हम सब उसी दिशा में काम कर रहे है।



इसके साथ की राज्य भर से आये कई अन्य शिष्टमंडलो, संस्थानों और विशिष्ट जनों ने आज उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को बजट में की गई विकासोन्मुखी योजनाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

श्री खाटू श्याम जी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ आज उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से मुलाक़ात की और श्री खाटू श्याम जी मंदिर में सुविधाओं के विकास के लिए 100 करोड़ रुपये के पैकेज की घोषणा करने के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।

इंडियन हेरिटेज होटल एसोशिएशन के प्रतिनिधियों ने भी उपमुख्यमंत्री से मुलाक़ात कर राज्य में पर्यटन को गति देने के लिए बजट में उनके द्वारा की गई घोषणाओं के लिए उनका आभार जताया।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने आज जैतारण और ब्यावर विधानसभा और कोटा-दक्षिण से विधायक संदीप शर्मा ने अपने इलाक़े के गणमान्य लोगों के शिष्टमंडल के साथ बजट में की गयी घोषणाओं के लिए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताया।

### हुड़कों के साथ एमओयू मील का पत्थर साबित होगा: दिया कुमारी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज राजस्थान सरकार ने हुड़कों के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये। इस मौक़े पर उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी, जल संसाधन विकास मंत्री कन्हैयालाल चौधरी और उर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर मौजूद थे। वित्त मंत्री ने इस एमओयू को एक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि इससे राजस्थान के विकास के लिए विभिन्न वित्त ज़रूरतें समय पर पूरी हो पायेगी। इस अवसर पर हुड़कों के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ भी मौजूद थे। इसी के साथ, आज सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में रिन्यू हंस उर्जा प्राईवेट लिमिटेड के साथ भी राजस्थान की पॉवर डिस्कॉम और राजस्थान उर्जा विकास निगम लिमिटेड के बीच अगले 25 साल के लिए पॉवर परचेज एग्रीमेन्ट किया। इस प्रोजेक्ट की ख़ास बात ये है कि इस प्रोजेक्ट से मिलने वाली बिजली की क़ीमत 2.18 रुपये प्रति यूनिट है, जो देश में अब तक की सबसे कम दर है।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या की शिकार अज्ञात लड़की की हुई पहचान

**नवादा ।** नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना इलाके में एक लड़की की ईंट पत्थर से कूचकर की गई हत्या का खुलासा बुधवार को हो गया है। मृतका नाबालिग थी। वह वैशाली जिले के हाजीपुर की रहने वाली थी। पिता द्वारा शव की पहचान की गई। जिसके बाद शव को पुलिस ने परिजनों को सुपुर्द कर दिया। नवादा में ही खुरी नदी के तट पर शव का अंतिम संस्कार किया गया। किउल-गया रेलखंड पर स्थित बाघीबरडीहा स्टेशन परिसर के एक जर्जर कमरे में सोमवार की सुबह किशोरी का शव पाया गया था। पुलिस प्रथम दृष्टया हत्या की बात मान अनुसंधान कर रही थी। इस बीच यह पता चला कि हाजीपुर की एक लड़की मिसिंग है। पिता द्वारा वहां के थाना को बेटी के अगवा किए जाने की शिकायत दी गई थी। पुलिस मामले की जांच करती कि नवादा में एक अज्ञात युवती का शव पाए जाने की सूचना पिता को मिली। जिसके बाद पिता ने वहां के पुलिस से संपर्क किया। तस्वीर से पहचान के बाद पिता नवादा पहुंचे। सदर अस्पताल नवादा में बेटी के शव की पहचान की, जिसके बाद पुलिस ने औपचारिक रूप से शव पिता को सौंप दिया। वारिसलीगंज थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि मृतका नाबालिग थी। उसके अपहरण के आरोपित की तलाश की जा रही है। वैसे, जो सूचना है उसके मुताबिक लखीसराय के एक युवक पर लड़की के अपहरण का आरोप है। हालांकि, पुलिस इसकी औपचारिक पुष्टि नहीं कर रही है। बहरहाल, शव की पहचान होने के बाद नवादा पुलिस ने राहत की सांस ली है। अब आरोपित की तलाश की जा रही है।

### वार्ड पार्षद ने अवैध रूप से घर पर किया कब्जा, पीड़ित सपरिवार बैठा भूख हड़ताल पर

**भागलपुर।** जन कल्याण करने वाले जनप्रतिनिधि अब गरीबों के घर को कब्जे में करने लगे हैं। मामला भागलपुर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत परबत्ती पासी लेन नगर -निगम वार्ड नंबर तेरह का है। जहां भागलपुर नगर -निगम वार्ड नंबर तेरह के दबंग वार्ड पार्षद रंजीत मंडल ने मोती लाल साह के घर को कब्जे में ले लिया है। घर को खाली कराने को लेकर मकान मालिक मोती लाल साह ने प्रशासन से लेकर वार्ड पार्षद से कई बार विनती आरजू किया लेकिन घर खाली नहीं हो सका। अंत में मोती लाल साह के सभी परिवार बुधवार को घर के समीप आपने नन्हे मुन्हें बच्चों के साथ पढ़ाई के उम्र में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे गये हैं। भूख हड़ताल पर बैठे मोती लाल साह एवं उनके परिजन ने कहा कि भागलपुर नगर -निगम के लब्बू पासी लेन परबत्ती के वार्ड पार्षद रंजीत कुमार को मकान तीन वर्ष के लिए किराये पर दिया गया था। समय पूरा होने से कई वर्ष बीत गए लेकिन मकान खाली नहीं कर रहा है। मकान खाली कराने को बोलने पर जान मारने की धमकी एवं छः लाख रुपए की मांग करता है। अन्यथा जान मारने की धमकी देता है। दबंग वार्ड पार्षद की रवैया को देख मोती लाल साह के सभी परिजन डरे सहमे हुए हैं। उल्लेखनीय हो कि पूर्व में वार्ड पार्षद रंजीत कुमार महिला के साथ मारपीट एवं शराब मामले में जेल जा चुका है।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

कूचबिहार। कूचबिहार जिले में कूचबिहार-माथाभांगा राज्य राजमार्ग पर निशिगंज इलाके में मंगलवार शाम हुए एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक पिकअप वैन कूचबिहार के सोनारी से माथाभांगा जा रही थी जबकि दूसरी ओर से सिलीगुड़ी से दिनहाटा जा रही एक यात्री बस आ रही थी। दोनों गाड़ियां अनियंत्रित होकर आमने-सामने टकरा गईं जिसके कारण यह हादसा हुआ। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने सबसे पहले बचाव कार्य शुरू किया। खबर पाकर निशिगंज चौकी की पुलिस और दमकलकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। हादसे में पिकअप वैन का अगला हिस्सा पूरी तरह से पिचक गया था। पिकअप वैन का ड्राइवर गाड़ी में फंस गया था। अग्निशमन विभाग और पुलिस के प्रयासों से चालक को निकाला गया और माथाभांगा महकमा अस्पताल ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद इलाके में काफी देर तक जाम लगा रहा। बाद में अर्थमूवर से छोटे वाहन को हटाया गया और यातायात सामान्य हुआ। घायलों का इलाज चल रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

### घर में घुसकर युवक की हत्या

**मालदा।** घर में घुसकर युवक को धारदार हथियार से हत्या करने का आरोप पड़ोसी युवक पर लगा है। घटना मालदा के रतुआ थाना क्षेत्र के गोपालपुर पश्चिमपाड़ा की है। मृतक का नाम छोटन माझी (28) है। आरोप है कि सोते समय छोटन की हत्या कर आरोपित पड़ोसी सागर मंडल फरार हो गया। परिजनों के मुताबिक, मंगलवार रात देर रात सागर धारदार हथियार लेकर अचानक घर में घुस आया और छोटन पर धारदार हथियार से हमला करना शुरू कर दिया। छोटन के चिल्लाने पर आरोपित युवक वहां से भाग गया। परिवार के सदस्य बरामद कर रतुआ ग्रामीण अस्पताल ले गए। देर रात वहां से उसे मालदा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल रेफर कर दिया गया। बुधवार सुबह इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रतुआ थाने में आरोपित युवक सागर के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी है। रतुआ थाने की पुलिस फरार आरोपित की तलाश में जुट गई है।

# राजद के शासनकाल में महिलाओं को बोलने का भी अधिकार नहीं था : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा में मॉनसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्ष के नेता पर भड़क गए। नीतीश ने मसौढ़ी से राजद विधायक रेखा देवी को फटकार लगाते हुए कहा कि महिला हो, समझती नहीं हो, इन लोगों (राजद) ने महिलाओं को कभी आगे बढ़ने नहीं दिया।



नीतीश कुमार ने कहा कि अरे महिला हो कुछ जानती नहीं हो...आज महिला होकर बोल रही हो। राजद के समय कभी किसी महिला को बोलने की इजाजत थी। कभी वो लोग (राजद) किसी महिला को आगे बढ़ाए थे। साल 2005 के बाद हमने महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य किया। आज बोल रही हो फालतू। इसलिए कह रहे हैं सुनो। इसके पहले विधानसभा में नए आरक्षण को नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर महागठबंधन के विधायक हंगामा कर रहे थे।

विपक्षी विधायकों का कहना था कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी। इसी मांग को लेकर राजद के विधायक विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बाद सदन में हंगामा होता देख खुद सीएम नीतीश कुमार सरकार आगे आए। नीतीश ने कहा कि आपलोग हंगामा कर रहे हैं। यदि बैठकर सभी लोग हमारी बातों को सुन लीजिएगा तो आपको भी ठीक लगेगा और मुझे भी अच्छा लगेगा और सारी बातें भी क्लियर हो जाएगी। इसके बाद भी विपक्ष के विधायक हंगामा करते रहे।


इसके बाद सीएम ने कहा कि जब आप लोग साथ थे और भाजपा वाले विपक्ष में थे तब भी हमने सभी लोगों को बुलाकर बैठक करवाया। बैठक करवाने के बाद जातीय गणना करवाई गई। इससे एक चीज के बारे में जानकारी मिली। आप लोग झूठ का जो हल्ला करते रहते हैं आपको याद करना चाहिए कि आप लोगों से बात करके हमने कितना कुछ करवाया था। सीएम ने कहा कि यह मेरी मर्जी थी, आप लोगों ने भी इसका समर्थन किया। इसलिए अब चुप रहिए। यदि आप शांति के बैठकर कुछ सुनते तो समझ में भी आता की आपलोग सच में कुछ चाहते हैं लेकिन आपको तो सुनना है ही नहीं। अरे आप सुनिए न, आप सुन क्यों नहीं रहे हैं। सभी लोगों ने समर्थन किया, उसके बाद भी तो कुछ भी हुआ है। इस बीच संसदीय कार्य मंत्री भी अपनी जगह खड़ा हो गए और कहा कि सीएम साहब या हमलोग आपकी बात सुनने को तैयार हैं। सरकार हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार है। इसके बाद ये सब सिर्फ हंगामा कर रहे हैं। इससे क्या फायदा होने वाला है। शांति से सदन चलेगा तो कुछ अच्छा भी रहेगा। काम की बात भी होगी।

दूसरी ओर, सदन में हंगामा बढ़ता देख विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर ने विपक्ष से पूछा कि क्या चाहते हैं, नहीं चलाएं सदन। आप केवल अखबारों में माइलेज लेना चाहते हैं। सदन की कार्यवाही दो बजे दिन तक के लिए स्थगित हो गई है। इस तरह मानसून सत्र के तीसरे दिन पहले सत्र में हंगामें के बीच 27 मिनट तक कार्यवाही चली। इसके बाद अब दूसरे सत्र में सरकार के तरफ से तीन महत्वपूर्ण बिल पेश होने हैं।

## पुलिस ने दिया संतोष मित्रा स्क्वायर को कानूनी नोटिस

संवाददाता

**कोलकाता।** दुर्गा पूजा समिति के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने 85 हजार रुपये अनुदान देने की घोषणा की। कोलकाता पुलिस का नोटिस संतोष मित्रा स्क्वायर दुर्गा पूजा समिति को गया। संतोष मित्रा स्क्वायर भाजपा नेता सजल घोष के पूजा स्थल के रूप में जाना जाता है। 2023 में संतोष मित्रा स्क्वायर की थीम राम मंदिर थी। मंदिर में दर्शन के लिए उत्सुक दर्शनार्थियों की भीड़ देखने लायक थी। 2023 में रौंदने की स्थिति बनी। मुख्यमंत्री ने मंगलवार की बैठक में कहा कि किसी भी दुर्गा पूजा के लिए यातायात बाधित नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रवेश और निकास मार्गों को चौड़ा रखा जाना चाहिए। ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति में लोगों को बाहर निकालना संभव हो सके। इस वर्ष आगंतुकों के लिए क्या उपाय किए गए हैं, यह जानने के लिए संतोष मित्रा स्क्वायर दुर्गा पूजा समिति को एक पत्र भेजा गया है। संतोष मित्रा स्क्वायर 2024 की थीम 'द स्पीयर' है। पुलिस की ओर से





कहा गया है कि मंडप के सामने मध्य भाग में पुलिस के लिए एक विशेष मंच बनाया जाए ताकि चारों तरफ से निगरानी की जा सके। क्लब के अधिकारियों को भीड़भाड़ वाले समय में कम से कम 250 लोगों को और भीड़ न होने पर 100 स्वयंसेवकों को रखना चाहिए। 36 सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी बात कही गई है। पिछले साल 14 सीसीटीवी थे। संकरी गलियों से निकालने में पुलिस को भी कुछ आपत्ति है। बाहर दुकान नहीं दी जा सकती। नगर डोलना जैसा कुछ भी बगल के मैदान में मेले में नहीं रखा जा सकता। संतोष मित्रा स्क्वायर के संस्थापकों में से एक सजल घोष ने बताया, 'इस साल की पूजा बंगालियों का ध्यान खींचने वाली है। 'मैंने पहले ही अपने फेसबुक हैंडल पर संतोष मित्रा स्क्वायर की थीम के बारे में पोस्ट किया है, जो वायरल है।' बीजेपी नेता और संतोष मित्रा स्क्वायर के प्रमुख उद्यमियों में से एक सजल घोष ने भी कहा कि आम लोगों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। इंदौर में दुर्गा पूजा समितियों के साथ बैठक में नेता जी ने इस साल 85 हजार रुपये दान देने की घोषणा की। लेकिन साथ ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुलिस को बड़ी पूजाओं के आयोजन पर अतिरिक्त ध्यान देने की चेतावनी दी।

## महिला हिंसा पर चर्चा की मांग, विधानसभा में बीजेपी का प्रदर्शन

संवाददाता

**कोलकाता।** बीजेपी राज्य में महिला उत्पीड़न के आरोपों पर विधानसभा में चर्चा चाहती थी। उस प्रस्ताव पर सदन गरमा गया। उनका आवेदन मंजूर नहीं होने पर भाजपा विधायक सत्र से बाहर चले गए और गेट के सामने बैठ गए। इस बीच विपक्षी नेता ने तृणमूल विधायक तपन चटर्जी पर मारपीट का आरोप लगाया है। तृणमूल नेता ने भी पलट बार किया। बीजेपी के संसदीय समूह ने राज्य में महिला उत्पीड़न के आरोपों पर विधानसभा में चर्चा की मांग की। उन्होंने स्पीकर से महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर चर्चा करने की अपील की। बीजेपी विधायकों की ओर से अग्निमित्रा पाल ने संकल्प पढ़ा। इस संदर्भ में विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा, "सरकार से अनुरोध है, कानून व्यवस्था एक संवेदनशील मुद्दा है। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा नहीं हुई। गृह कार्यालय बजट वार्ता गिलोटिन



तक पहुंच गई है। चर्चा के लिए जगह कहाँ है? उनका अनुरोध था कि किसी अन्य मंत्री को गृह विभाग की जिम्मेदारी सौंपी जाए। विपक्षी नेता की इन टिप्पणियों के बीच ही तृणमूल विधायकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रतिक्रिया देते हुए राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा, ह्र‌राज्य के हाथों से कानून और व्यवस्था का अधिकार छीनने के लिए तीन आपराधिक कानून बनाए गए हैं। राज्य के अधिकारों में हस्तक्षेप करने का प्रयास किया जा रहा है। तृणमूल विधायक बारी-बारी से विरोध करने लगे। इसी बीच बीजेपी विधायक विधानसभा हॉल से बाहर आ गए। वे गेट के सामने धरना देने लगे। इस बीच विपक्षी दल के नेता ने तृणमूल विधायक के खिलाफ शारीरिक उत्पीड़न की शिकायत की। विधानसभा के हॉल में पूर्वी तृणमूल विधायक तपन चट्टोपाध्याय की सुबवेंदु से बहस हो गई। विपक्षी दल के नेता ने दावा किया कि उस समय उन्हें शारीरिक रूप से परेशान किया गया था। विधानसभा के अंदर और बाहर भी उत्पीड़न हुआ है। उन्होंने आगे कहा, 'अगर बीजेपी विधायकों को कुछ हुआ तो स्पीकर जिम्मेदार होंगे।'

## मुजफ्फरपुर में महिला पर गोली बारी मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर ज़िले के बेला थाना क्षेत्र में बीते दिनो संस्कृति वर्मा नामक एक महिला पर बाईक सवार बदमाशों के द्वारा हुई गोलीबारी मामले का मुजफ्फरपुर पुलिस ने सफलतापूर्वक उद्भेदन कर दिया गया। घटना मे शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है । मुजफ्फरपुर एसएसपी राकेश कुमार ने बताया है कि बीते दिनों मुजफ्फरपुर जिले के बेला थाना क्षेत्र में ऑफिस जानें के दौरान संस्कृति वर्मा नामक एक महिला पर अपराधियों द्वारा तकरीबन आधा दर्जन राउंड गोलीबारी की वारदात को अंजाम दिया गया था। जिसमें संस्कृति वर्मा नामक महिला को तीन गोली लगी थी जिसमे वह बुरी तरह जख्मी हो गई थी जिसके बाद ईलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था वही मामले की गंभीरता को देखते हुए मुजफ्फरपुर



सिटी एसपी अवधेश सरोज दीक्षित, टाऊन एएसपी भानु प्रताप सिंह और डीआईयू के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। जिसपर टीम लगातार काम की। गठित विशेष टीम ने तकनीकी सूचना के आधार पर मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।चारों आरोपी की पहचान अभिनित कुमार, शिव सेख, कृष्ण कुमार और तुषार के रूप में हुई है। मामले में एसएसपी राकेश कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला संस्कृति वर्मा के पति आर्यन कुमार से रूपा शर्मा नामक एक महिला के कुछ विशेष प्रेम संबंध थे गिरफ्तार चार अपराधियों में से दो अपराधी अविनीत और तुषार नामक युवक रूपा शर्मा के एक फोर व्हीलर एजेंसी में कार्यरत है कृष्णा कुमार शूटर है और शिव सेख के द्वारा पूरे मामले को लेकर शूटर को पैसा उपलब्ध कराया गया था। इस घटना को अंजाम देने के लिए 10 लाख रुपए में सौदा तय हुआ था जिसमें से शूटर को अभी तक 3 लाख 50 हजार रुपए की राशि मिल चुकी है वही गिरफ्तार सभी आरोपियों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है ।

### आरपीएफ ने दो महिलाओं को 65 किलो गांजा के साथ किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हावड़ा स्टेशन पर नशीली पदार्थ की तस्करी के एक बड़े प्रयास को सफलतापूर्वक विफल कर दिया है। हावड़ा आरपीएफ के सतर्क अधिकारियों और कर्मियों ने दो महिलाओं को सबवे दिशा से कई भारी ट्रॉलियों के साथ प्रवेश करते देखा और उन्हें संदिग्ध रूप से देखा। आरपीएफ टीम ने असाधारण सतर्कता दिखाते हुए उनका पीछा किया और उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ के बाद महिलाओं ने स्वीकार किया कि उनकी ट्रॉली में गांजा है। आरपीएफ की गहन तलाशी में कुल 65 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। दोनों महिलाओं और जब्त गांजा को कानूनी कार्रवाई के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को सौंप दिया गया। पूर्वी रेलवे गिरफ्तारी की त्वरित कार्रवाई के लिए आरपीएफ अधिकारियों और कर्मियों की सराहना करता है।

## खेलों में उड़ान भरने को तैयार है पश्चिम चम्पारण

एजेंसी

**बेतिया।** जमीनी स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल विभाग प्रत्येक ग्राम पंचायतों में एक खेल क्लब तथा एक खेल मैदान चिन्हित करने के प्रक्रिया की ओर आगे बढ़ चुका है। जिला, राज्य, राष्ट्रीय स्तरीय खेलों के महाकुंभ में अपनी श्रेष्ठता साबित करने के लिए इस जिले के खिलाड़ी अपनी पूरी ताकत झोंक देती है ।उक्त प्रतियोगिता सामान्य एथलीटों तथा चैंपियनों को राज्य व राष्ट्र का मशहूर हस्तियां बना देता है। पीढ़ीगत प्रतिभाओं को किंवदंतियां को बदल देता है। यह वह प्लेटफार्म है जहां जिले व राज्य के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बड़ी निष्पक्षता से खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करने के लिए संभव की सीमा तक धकेलते हैं । जिला व राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में जिले के कुछ दिग्गज खिलाड़ी कुछ नया करने तथा इतिहास रचने को बेसब्र है। यह बातें जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पंडित ने बुधवार को बेतिया अनुमंडल अंतर्गत सभी प्रखंडों यथा नौतन, बैरिया, मझौलिया ,योगापट्टी ,चनपटिया, बेतिया को खेल भवन सह व्यायामशाला भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में सभी शारीरिक शिक्षकों व शारीरिक स्वास्थ्य अनुदेशकों के बीच कही । उन्होंने आगे कहा कि जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता तीन आयुवर्ग अंड़र 14, 17, 19 तथा कक्षा 6 से 12वीं तक के बिहार सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय व महाविद्यालय, राजकीय आवासीय अंबेडकर विद्यालय, निजी विद्यालय यथा सीबीएसई , आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त आदि विद्यालयों के छात्र--छात्र भाग लेंगे।

**बिहार** गैंगरेप व हत्या के इस मामले में जिले में काफी विरोध प्रदर्शन हुआ था

## गैंगरेप के बाद जिस लड़कीका हुआ मर्डर,वह जिंदा बरामद

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले में एक ऐसा मामला सामने आया है,जो सबको चौंकने पर विवश कर दिया है। जिस लड़की की गैंगरेप के बाद हत्या करने की बात सामने आयी थी और बीते 22 जून को पुलिस द्वारा उस लड़की का शव मनरेगा पार्क के समीप से बरामद भी कर लिया था। अब वह लड़की जिंदा बरामद कर ली गई है।बताते चले गैंगरेप और हत्या के इस मामले में जिले में काफी विरोध प्रदर्शन भी हुआ था। परिजन भी उसे मृत मानते हुए अंतिम संस्कार कर चुके थे। अब वह लड़की जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र से जिंदा बरामद हुई है। बरामद लड़की ने पुलिस के सामने




कई खुलासे किए है,जो चौंकाने वाले हैं। मुफ्फसिल थानाध्यक्ष मनीष कुमार के अनुसार लड़की ने अपने बयान में कहा कि 16 जून की रात को वह अपने प्रेमी नौशाद राजा से मिलने के लिए घर से निकली थी। इसी बीच रास्ते में कुछ लोग उसके साथ मारपीट करने लगे। वहां से जान बचाकर भागी और ग्रामीण मुन्ना पासवान के घर पहुंच गई। मुन्ना की नीयत बदल गई। उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर जबरन एक गाड़ी में मुझे बैठा लिया और किसी दूसरे स्थान पर ले गया। इसके बाद उसने अपने चार दोस्तों के साथ मिलकर बारी-बारी से मेरा रेप किया। इसके बाद मुझे छतौनी चौक पर छोड़ दिया। जहां मैं डर के कारण अपने घर ना जाकर अपने एक रिश्तेदार के घर तुरकौलिया जा रही थी,लेकिन मेरी हालत ठीक नहीं होने के कारण मैं रास्ता भटक गई। भटकते-भटकते मैं संजय सहनी की पत्नी से मिली और वह मुझे अपने घर ले गई। जहां मैंने उसे सारी आपबीती बताई लेकिन अपने घर में नहीं बताने की विनती भी की। इस बीच कुछ दिन बीतने पर मुझे घर की याद आने लगी तब मैने अपने पिता को फोन किया। लेकिन, उन्होंने रॉन्ग नंबर बताकर फोन काट दिया। इस मामले में लड़की की मां के आवेदन पर दर्ज प्राथमिकी में तीन नामजद और दो अज्ञात पर आरोप लगाया गया था। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी गुड्डू साह को सीतामढ़ी जिला से गिरफ्तार कर लिया था।सबसे चौकाने बात तो यह है,कि उसने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया था। पुलिस के अनुसार गुड्डू साह ने अपने बयान में बताया था कि वह अपने चार दोस्तों के साथ मिलकर लड़की का रेप किया, जिस दौरान उसकी मौत हो गई। तब हम सब ने मिलकर उसके ही दुपट्टा में उसके शव को लपेटकर धनौती नदी में फेंक दिया। इसके बाद पुलिसिया दबिश के कारण एक आरोपी रंजन पासवान ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया और नौशाद राजा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

## महिला पुलिस पदाधिकारियों ने हिंसा के खिलाफ चलाया अभियान

एजेंसी

**किशनगंज।** जिले के ठाकुरगंज आदर्श थाना के थानाध्यक्ष सह डीएसपी अदिति सिन्हा ने महिला हिंसा और प्रताड़ना को रोकने के लिए बुधवार को अभियान चलाया है। गौर करे कि बिहार पुलिस महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सख्त है। इसको लेकर राज्य के सभी थानों में महिलाओं से संबंधित शिकायत दर्ज होने के साथ त्वरित कार्रवाई की जाती है। यहां महिलाओं के शिकायत पर सात दिनों के अंदर निष्पादन किया जाएगा। इसके तहत ठाकुरगंज थाना के महिला पुलिस पदाधिकारियों ने शहर के स्कूलों में बच्चों और महिला शिक्षिका के



साथ संगोष्ठी आयोजित कर महिला हेल्प डेस्क के कार्यों की जानकारी देते हुए जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस मौके पर महिला पुलिस पदाधिकारी सुनीता कुमारी, मेघा कुमारी, पूजा कुमारी संग अन्य ने कहा कि वह बिना संकोच किए और निर्भीक होकर महिला हेल्प डेस्क में अपनी समस्या बताएं। उन्होंने इस दौरान सभी बच्चे, शिक्षिकाओं और ग्रामीणों से कहा कि अगर कही भी कुछ गलत होता है, तो इसे सहन नहीं करें। बल्कि इसका विरोध करें। महिला पुलिस पदाधिकारियों ने आगे महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 के बारे में समझाया और अपना सीयूजी नंबर भी वितरित किया। वहीं, इस दौरान सभी छात्राओं ने पुलिस पदाधिकारी के सम्मान में उन्हें टोकन ऑफ लव देकर सम्मानित किया हैं।



## मलयामल सीरीज में नजर आएंगी नीना गुप्ता

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री नीना गुप्ता अपनी अदाकारी के चलते अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। बेशक वह एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं। नीना गुप्ता बहुमुखी प्रतिभा की धनी है। उन्होंने सिनेमा के पर्दे पर अपनी भूमिकाओं से दर्शकों के दिल को छुआ है। साल 1982 में अपनी पहली फिल्म आधारशिला से लेकर 1994 में वो छोकरी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने तक, नब्बे के दशक के टीवी सीरीज 'सांस' के साथ एक अभिनेत्री और निर्देशक के रूप में उन्होंने हमेशा दर्शकों का मनोरंजन किया है। बीच में कुछ सालों फिल्मी दुनिया से दूर रहने के बाद नीना ने साल 2018 में कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'बधाई हो' में एक मध्यम आयु वर्ग की गर्भवती महिला की भूमिका निभाकर अपने करियर को फिर से पटरी पर ला दिया, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (क्रिटिक्स) का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। अपनी दूसरी पारी शुरू करने के बाद वह काफी व्यस्त रहीं। अब अभिनेत्री ने अपनी नई परियोजना को लेकर खुलासा किया है।

### 'पंचायत' सीरीज के लिए मिली सराहना

अपनी दूसरी पारी में नीना गुप्ता को सबसे अधिक सराहना पंचायत सीजन 3 के लिए मिली। एक ग्रामीण प्रधान महिला की सशक्त भूमिका में उन्हें खूब पसंद किया गया। दर्शकों ने उनके किरदार से अलग तरह का जुड़ाव महसूस किया। दिलचस्प बात ये है कि अब अभिनेत्री के पास कुछ बड़े प्रोजेक्ट्स भी हैं, जो जल्द ही रिलीज होंगे। मलयालम सीरीज में दिखेंगी नीना एएनआई से बातचीत में नीना गुप्ता ने खुलासा किया कि उनकी आने वाली परियोजनाओं में से एक मलयालम भी है। उन्होंने संभावित शीर्षक वाली फिल्म मेड इन इंडिया में रकुल प्रीत के साथ काम करने के बारे में भी ब की। अभिनेत्री ने कहा मैंने एक मल सीरीज की है जो बहुत जल्द डिज्नी-हॉटस्टार पर आएगी। साथ ही, मैंने प्रीत सिंह के साथ एक फिल्म की है तक, फिल्म का नाम मेड इन इंडिया है, लेकिन इसे बदला जा सकता है। मैं फिल्म बा का भी हिस्सा हूं।'





## अभिनय में ही नहीं सिंगिंग में भी इन हसीनाओं का जवाब नहीं, सुरों का चलाया है जादू

बॉलीवुड इंडस्ट्री बहुमुखी प्रतिभाओं से भरी पड़ी है। अभिनेता और अभिनेत्रियों के पास अभिनय के अलावा भी कई तरह के टैलेंट हैं। उनमें से एक है गायन। कई अभिनेता हैं जो बेहतरीन गायक भी हैं। इसी तरह कई अभिनेत्रियां हैं जो बहुत ही अच्छा गाना गाती हैं। आज हम ऐसी ही अभिनेत्रियों के बारे में जानेंगे, जो अच्छे अभिनय के साथ-साथ बेहतरीन गाना भी गा लेती हैं। इस लिस्ट में कई मशहूर और बेहतरीन अभिनेत्रियों के नाम शामिल हैं।

### सोनाक्षी सिन्हा

सोनाक्षी सिन्हा ने अपना सिंगिंग डेब्यू मीत ब्रदर्स के गाने 'आज मूड इश्कहोलिक है' से किया है। इसके अलावा सोनाक्षी सिन्हा ने फिल्म 'तेवर' में भी एक गाना गाया था।

### आलिया भट्ट

आलिया भट्ट बॉलीवुड की बहुमुखी





भी अव्वल हैं। वह एक सुरीली आवाज की मालकिन हैं। उन्होंने फिल्म हाईवे में 'साहा' गीत गाया है।

### श्रद्धा कपूर

श्रद्धा कपूर अपनी मासूमियत भरी खूबसूरती और अभिनय के लिए जानी जाती हैं। वह हर तरह के रोल में फिट बैठ जाती हैं। श्रद्धा कपूर ने अपनी दो फिल्मों में गाना भी गाया है। उन्होंने 'आशिकी 2' और 'एक विलेन' जैसी फिल्मों में गीत गाए हैं।

### श्रुति हासन

दिग्गज अभिनेता कमल हासन की बेटी और अभिनेत्री श्रुति हासन भी कमाल का गाना गाती हैं। श्रुति ने कई फिल्मों में गाने गाए हैं जो काफी हिट भी हुए हैं। श्रुति अक्सर स्टेज पर शो भी करती रहती हैं।



## मनोरंजन उद्योग में नेटवर्किंग और रिश्ते बेहद महत्वपूर्ण

अपने करियर पर बात करते हुए एक्ट्रेस सुम्बुल तौकीर ने कहा कि सीखना एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि वह फिलहाल अपनी क्षमताओं को बढ़ाने की ओर काम कर रही है। काव्या - एक जज्बा, एक जुनून में मुख्य भूमिका निभाने वाली सुम्बुल ने बताया कि मैं हर अनुभव से सीखने और अपने कौशल को बेहतर बनाने के लिए काम करती हूं। आजकल मैं अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के साथ-साथ अपने काम में भी सुधार लाने की कोशिश कर रही हूं। उन्होंने कहा कि ये कौशल मुझे बेहतर प्रदर्शन करने और उद्योग में विभिन्न भूमिकाओं और चुनौतियों के लिए लचीला बने रहने में मदद करते हैं। एक्ट्रेस को लगता है कि मनोरंजन उद्योग में सामाजिक होना बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे नए कनेक्शन और संपर्क बनाने में मदद मिलती है। सुम्बुल ने बताया कि मनोरंजन उद्योग में नेटवर्किंग और रिश्ते बहुत महत्वपूर्ण हैं। वे हमें नए अवसरों और सीखने की ओर ले जाते हैं। मुझे लगता है कि यह केवल संपर्क बनाने के बारे में नहीं है, बल्कि रिश्तों को स्वीकार करने के बारे में भी है। एक्ट्रेस ने इस बात पर जोर दिया कि मनोरंजन उद्योग में तालमेल बैठाना बेहद ही आवश्यक है क्योंकि यहां चीजें तेजी से बदलती हैं। उन्होंने कहा कि मैं नए विचारों के साथ खुला रहना चाहती हूं, लगातार अपने कौशल में सुधार करना चाहती हूं और अलग-अलग भूमिकाएं और चुनौतियां लेना चाहती हूं। मुझे पता है कि असफलताएं यात्रा का हिस्सा हैं, लेकिन मैं उन्हें सीखने और आगे बढ़ने के अवसरों के रूप में देखती हूं। मुझे लगता है कि मजबूत बने रहने और अपने लक्ष्यों और विश्वासों को ध्यान में रखते हुए मैं और भी मजबूती से वापसी कर सकती हूं। एक्ट्रेस ने कहा कि प्रासंगिक बने रहना कठिन हो सकता है। इसलिए मैं हमेशा सुर्खियों में बने रहने के दबाव के बजाय अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करती हूं। मैं अच्छा काम और सार्थक प्रोजेक्ट लेकर अपने लिए एक स्थायी करियर बनाना चाहती हूं। अंत में मुझे लगता है कि यह सब वास्तविक होने, महत्वाकांक्षी बने रहने और अपने काम को बोलने देने के बारे में है।



## रोस्ट शो में शामिल होने को कुशा ने बताया नौसिखिया गलती

कुशा कपिला एक अभिनेत्री और जानी मानी कंटेंट क्रिएटर हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं। वह अपने इंस्टाग्राम पर अलग-अलग तरह के वीडियो पोस्ट करती हैं, जिस पर उनके फैंस काफी प्रतिक्रियाएं भी देते हैं। बीते दिनों वह काफी चर्चा का विषय बन गई थीं, जब यूट्यूब पर उनका एक रोस्ट वीडियो जारी हुआ था। हाल में ही वह एक रोस्ट शो में गई थीं, जिसमें कई कॉमेडियन्स ने उनके ऊपर जोक्स बनाए थे, जो ज्यादातर उनके पूर्व पति जोरावर सिंह अहलूवालिया से हुए उनके तलाक पर आधारित थे। इसके बाद से ही वह विवादों में घिर गई थीं। इस वीडियो के बाहर आते ही कुशा लगातार ट्रोल होने लगी थीं। इस दौरान उनकी कई महिला और समलैंगिक फैंस ने भी इस शो में उनकी भागीदारी को लेकर आलोचना की। अब इन आलोचनाओं के जवाब में अभिनेत्री ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि उन्हें लेकर बोले गए जोक्स काफी अमानवीय थे और उनके साथ पहले साझा नहीं किए गए थे। हाल में ही हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक बयान में उन्होंने कहा है कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि शो में इस तरह के जोक्स होंगे। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि उन्हें पहले स्क्रिप्ट का अनुरोध करना चाहिए था। हालांकि, उन्होंने ऐसा नहीं किया, क्योंकि इसमें उनके दोस्त शामिल थे। अभिनेत्री ने इसे नौसिखिया गलती करार देते हुए कहा कि उन्हें स्क्रिप्ट पहले मांग लेनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि सामने बैठी ऑडियंस और तकनीशियन के सामने उन्होंने ये कठोर जोक्स बर्दाश्त किए, लेकिन लाखों लोगों तक इसके पहुंचने के विचार से वह असहज थीं। उन्होंने कहा कि कुछ जोक्स तो बेहद अमानवीय और चौंकाने वाले थे। अभिनेत्री ने कहा कि अगर उन्होंने इसे प्रसारित होने से रोका होता, तो उन्हें कायर कहा जाता और ट्रोल किया जाता। सोशल मीडिया पर उन्हें ऐसे जोक्स की हकदार बताया गया। इस पर अफसोस जताते हुए उन्होंने कहा कि एक तलाकशुदा महिला के रूप में उन्हें पहले ही इसका अनुमान लगा लेना चाहिए था।



## आभास हो गया था कि किल के बाद अभिनय के दरवाजे खुल जाएंगे

राघव जुयाल टीवी जगत के नामी चेहरा रहे हैं, जो कई फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं। टीवी पर वह कई शोज मे डांसिंग और मेजबानी करते नजर आए हैं। इन दिनों वह अपनी हालिया रिलीज फिल्म किल के लिए चर्चा में हैं। इस फिल्म में वो अपने अब तक अपने सबसे अलग किरदार में नजर आए हैं। फिल्म दर्शकों को काफी पसंद भी आ रही है। अब राघव ने कहा है कि उन्हें पहले से पता था कि किल के बाद उनके लिए अभिनय के दरवाजे खुल जाएंगे।

### किल में अपने किरदार पर बोले राघव जुयाल

भारत की अब तक की सबसे हिंसक फिल्म बताई जा रही इस फिल्म किल ने तीसरे हफ्ते में भी सिनेमाघरों में धूम मचाई हुई है। इसमें लक्ष्य और तान्या मानिकतला भी हैं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 20 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है। अभिनेता ने साक्षात्कार में बताया, ऑडिशन देते समय मुझे महसूस हुआ कि यह किरदार इस इंडस्ट्री में एक अभिनेता के रूप में मेरे लिए दरवाजे खोलने वाला है और ऐसा हुआ भी। सभी को यह पसंद आया और मुझे काफी अच्छी समीक्षाएं मिलीं। किल आर्मी कमांडो अमृत की कहानी है, जो उस ट्रेन में चढ़ता है, जिसमें उसकी गर्लफ्रेंड और उसका परिवार भी यात्रा कर रहा होता है। हालांकि, चीजें तब गड़बड़ हो जाती हैं जब फानी और उसका गिरोह ट्रेन में घुस जाता है और यात्रियों को बेरहमी से मारना शुरू कर देता है। दर्शकों को फौजी के किरदार में लक्ष्य और विलेन के रूप में राघव का अभिनय काफी पसंद आ रहा है। कुछ दर्शकों ने सोशल मीडिया पर फिल्म के अगले भाग की मांग करनी भी शुरू कर दी है। दर्शकों को यह फिल्म काफी पसंद आ रही है।






## रायन की रिलीज से पहले धनुष की नई फिल्म की घोषणा!

बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों में अपने अभिनय से सभी का दिल जीत चुके अभिनेता धनुष रायन की रिलीज का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रायन की रिलीज से पहले धनुष की एक और आगामी फिल्म की घोषणा हो चुकी है, जिसने प्रंशसकों के उत्साह को और अधिक बढ़ा दिया है। इस बात का खुलासा साउथ के प्रसिद्ध अभिनेता प्रकाश राज ने एक समारोह के दौरान किया। धनुष के निर्देशन में बनी फिल्म रायन का ट्रेलर मंगलवार 16 जुलाई को रिलीज किया गया था। फिल्म में उनके अलावा संदीप किशन, कालिदास जयराम, एसजे सूर्या, वरलक्ष्मी सरथकुमार और अपर्णा बालमुरली मुख्य भूमिकाओं में हैं। बॉलीवुड और साउथ फिल्मों में अपने अभिनय का दमखम दिखा चुके अभिनेता धनुष की निर्देशन और अभिनित फिल्म रायन का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर में काफी सस्पेंस-थ्रिलर के साथ धमाकेदार एक्शन भी देखने को मिला। धनुष की यह फिल्म 26 जुलाई को सिनेमाघरों में तीन भाषाओं में रिलीज होगी। रायन को तमिल, तेलुगु और हिंदी में रिलीज किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 2017 की फिल्म पा पांडी के बाद रयान धनुष की दूसरी निर्देशित फिल्म है और बतौर अभिनेता यह उनकी 50वीं फिल्म है। धनुष अपनी आगामी पैन-इंडियन एक्शन ड्रामा, रायन के साथ दर्शकों को लुभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसमें तेलुगु अभिनेता संदीप किशन महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। हैदराबाद में कल रात रायन के लिए तेलुगु प्री-रिलीज इवेंट हुआ, जिसमें धनुष कई कलाकारों और क्रू सदस्यों के साथ शामिल हुए। इस इवेंट के दौरान, प्रकाश राज ने खुलासा किया कि धनुष खुद और नित्या मेनन को मुख्य भूमिका में लेकर एक नई फिल्म का निर्देशन करने का प्लान बना रहे हैं। अगर ऐसा होता है तो धनुष की आगामी फिल्म में नित्या मेनन और प्रकाश राज लीड रोल में नजर आएंगे। पिछली बार तीनों स्टार्स ने थिरुचित्रम्बलम में साथ काम किया था।

## अक्षय कुमार ने फिल्म खेल खेल में का प्रमोशन किया शुरू

**खेल खेल में इस साल 15 अगस्त को रिलीज होगी। इसकी घोषणा अक्षय ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा कर दी है और साथ ही लिखा, यारों वाला खेल, यारी वाली पिक्चर, बैंड बाजे के माहौल में, बैंड बजाने वाली पिक्चर।**

अक्षय के अलावा फिल्म की पूरा स्टारकास्ट ने फिल्म खेल खेल में की एक छोटी वीडियो क्लिप सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की है। निर्देशन मुदस्सर अजीज की फिल्म में अक्षय और तापसी के अलावा फरदीन खान, वाणी कपूर, एमी विर्क, आदित्य सील और प्रज्ञा जायसवाल मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे हालांकि, फिल्म का प्रमोशन एक दिन पहले ही शुरू होना था लेकिन भूषण कुमार की चचेरी बहन तिशा कुमार के अंतिम संस्कार की वजह से इसे टाल दिया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पहले इस फिल्म को सितंबर में रिलीज किया जा रहा था, लेकिन अब इसे स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज किया जा रहा है।



## संक्षिप्त खबरें

### बजट के खिलाफ विपक्ष ने किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** विपक्ष ने बुधवार को विपक्षी दलों द्वारा शासित प्रदेशों की कथित तौर पर बजट में अनदेखी किए जाने के खिलाफ संसद भवन में प्रदर्शन किया। विपक्षी इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, वामदल और अन्य विपक्षी दलों के नेता इस प्रदर्शन में शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने संसद के मकर द्वार के बाहर प्रदर्शन में हिस्सा लिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि केंद्रीय बजट में किसी को कुछ नहीं मिला है। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि बजट निराश करने वाला है और इसमें देश के लोगों के लिए कुछ नहीं है। आम आदमी पार्टी नेता राघव चड्ढा ने कहा कि इस बजट ने देश के हर वर्ग को निराश किया है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि केंद्रीय बजट में किए गए घोर अन्याय और भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के भेदभावपूर्ण और अनुचित दृष्टिकोण को अस्वीकार करने के लिए संसद के बाहर एकजुट होकर विपक्ष ने विरोध प्रदर्शन किया।

### सितंबर माह से मुरादाबाद-गाजियाबाद रूट पर चलेंगी सात ई-बसें




**मुरादाबाद।** आगामी सितम्बर माह से गाजियाबाद से मुरादाबाद और मुरादाबाद से गाजियाबाद के लिए सात ई-बसों का संचालन किया जाएगा। यह बसें एक बार चार्ज होने पर लगभग 250 किलोमीटर चल सकती हैं। ई-बसों के संचालन से बढ़ते प्रदूषण में भी कुछ कमी आएगी। मुरादाबाद परिक्षेत्र की क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह ने बुधवार को बताया कि परिवहन निगम की ओर से ई-बसों के चलाने का रूट निर्धारित कर दिया गया है। किराया बसों के आने के बाद निर्धारित होगा। गाजियाबाद से मुरादाबाद रूट पर सात ई-बसें चलेंगी। ये बसें सिटी बस से बड़ी होंगी। इनकी लंबाई 12 मीटर होगी। मुरादाबाद से गाजियाबाद जाने व आने वाले यात्री अब वातानुकूलित (एसी) बसों में सफर कर सकेंगे। किराया मुख्यालय द्वारा निर्धारित किया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक ने आगे बताया कि चार्जिंग प्वाइंट बनाने के लिए जगह चिन्हित कर लिया गया है। चार्जिंग प्वाइंट बनने में करीब तीन महीने का समय लग जाएगा।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक घायल

**ऋषिकेश।** ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर बाड़मेर से ऋषिकेश आने वाली ट्रेन के चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसकी हालत को गंभीर देखते हुए राजकीय चिकित्सालय से एम्स के लिए रेफर कर दिया गया है। गंभीर रूप से घायल 31 वर्षीय बलराम पुत्र नीलू राम रेवाड़ी गुड़गांव हाल निवासी चंद्रभागा ऋषिकेश जो यहां पिछले सात वर्षों से पुताई का कार्य कर रहा था। वह ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर बाड़मेर से ऋषिकेश आने वाली ट्रेन के आगे आकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे राजकीय चिकित्सालय उपचार के लिए लाया गया।

### सोलह मामलों में दोषी न्यूजर्सी के डेमोक्रेट सीनेटर रॉबर्ट मेनेंडेज का इस्तीफा

**वाशिंगटन।** रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के 16 मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद आखिरकार न्यूजर्सी के डेमोक्रेट सीनेटर रॉबर्ट मेनेंडेज ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। रॉबर्ट मेनेंडेज ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अपना इस्तीफा न्यूजर्सी के गवर्नर फिलिप डी. मर्फी को भेज दिया। यह जानकारी द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में दी गई है। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, अदालत से दोषी ठहराए जाने के बाद उनपर डेमोक्रेटिक सहयोगियों की तरफ से इस्तीफा देने का दबाव बढ़ गया था। उन्होंने कहा है कि मैनहट्टन की संघीय जूरी के पिछले सप्ताह सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील करेंगे। उल्लेखनीय है कि सीनेट एथिक्स कमेटी के निष्कासित करने से पहले उन्होंने अपना कार्यकाल महीनों पहले छोड़ने का विकल्प चुना।

### जहरीले पदार्थ खाने से युवक की मौत

**राजगढ़।** राजगढ़ कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पीपल्या में रहने वाले 30 वर्षीय युवक की मंगलवार की रात जहरीला पदार्थ खाने से उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार बीती रात ग्राम पीपल्या निवासी 30 वर्षीय मांगीलाल पुत्र रामलाल तंवर ने घर में रहते हुए जहर खा लिया। गंभीर हालत में परिजन उसे जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक ने किन हालातों के चलते जहर खाया, इसका वास्तविक कारण पता नहीं लग सका है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'अग्रदूत पोर्टल' किया लांच

# सूचना ही शक्ति है को सार्थक करेगा अग्रदूत पोर्टल : डॉ. यादव

- नागरिकों तक आसानी से पहुंच सकेंगी योजनाओं संबंधी जानकारी
- मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों को भेजा राखी की सौगात वाला पहला मैसेज



**भोपाल। एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार पारदर्शिता के साथ नागरिकों तक पहुंच बनाने एवं लाभार्थियों को योजनाओं संबंधी जानकारी भेजने के लिए संचार क्रांति का बेहतर उपयोग कर रही है।

बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार किए 'अग्रदूत पोर्टल' को लांच किया है। 'सूचना ही शक्ति है' के मंत्र को सार्थक करने वाला अग्रदूत पोर्टल अपने आप में अद्भूत पहल है। किसी भी राज्य के जनसंपर्क विभाग द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं त्वरित सूचनाओं के लिए इस तरह की अभिनव पहल पहली बार की गई है। लांचिग के अवसर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पहला मैसेज लाडली बहनों को भेजा। यह मैसेज सावन में रक्षाबंधन के शगुन स्वरूप 1 अगस्त को लाडली बहनों के खातों में 250 रुपये अंतरित करने संबंधी है ।

क्या है अग्रदूत पोर्टल

मध्यप्रदेश सरकार के जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार किया गया अग्रदूत पोर्टल सूचना ही शक्ति है की पहल पर काम करेगा। यह लक्षित समूह तक सिंगल क्लिक में सूचनाएं प्रसारित करने के लिए जनसंपर्क विभाग की अभिनव पहल है। अग्रदूत पोर्टल द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के टारगेट ऑडियंस तक सूचनाएं पहुंचाई जा सकेंगी। पोर्टल के माध्यम से त्रि-स्तरीय रिव्यू के बाद संदेश लोकप्रिय मोबाइल मैसेजिंग एप- व्हाट्सअप पर शेयर किया जाएगा एवं इसके माध्यम से एक साथ मल्टी मीडिया मैसेज ( ग्राफिक्स, टैक्स्ट, लिंक, वीडियो) भी शेयर किए जा सकेंगे। इसके माध्यम से नागरिकों तक आसानी से सूचनाएं पहुंचाई जा सकेंगी।

अग्रदूत पोर्टल की विशेषताएं

अग्रदूत पोर्टल सूचना क्रांति के क्षेत्र में अभिनव पहल है। इससे कम समय में लक्षित नागरिकों तक पहुंच बनाई जा सकेगी।

### कांग्रेस सांसद ने केन्द्र सरकार पर लगाया हरियाणा से भेदभाव का आरोप

## बजट में हरियाणा की अनदेखी, विधानसभा चुनाव में बदला लेगी जनता : जयप्रकाश



**हिसार। एजेंसी**

हिसार के सांसद जयप्रकाश जेपी केन्द्रीय बजट को हरियाणा विरोधी करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार ने हरियाणा को एक भी पैसा न देकर हरियाणा के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है। सांसद जयप्रकाश ने बुधवार को कहा कि केन्द्र सरकार के इस बजट से पूरे हरियाणा को बड़ी निराशा हाथ लगी है। ऐसा लगता है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में हार का बदला हरियाणा की जनता से लिया है लेकिन हरियाणा की जनता विधानसभा चुनाव में भाजपा की इस अनदेखी का जवाब देगी। जिस तरह बजट में हरियाणा के हाथ खाली रहे हैं, उसी तरह चुनाव में जनता भाजपा को भी हरियाणा से खाली हाथ लौटा देगी। उन्होंने कहा कि इस बजट ने देश के किसान, छोटे व्यापारी, मिडल क्लास, गरीब और गृहणियों को भी पूरी तरह निराश किया है। लगातार महंगाई और भारी टैक्स की मार झेल रही जनता को महंगाई से कोई राहत नहीं दी गई। किसान के हाथ एक बार फिर खाली रहे और एमएससी गारंटी पर यह बजट खामोश रहा जबकि 2014 में स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर एमएसपी देने का वादा करके भाजपा सत्ता में आई थी।

सांसद जयप्रकाश ने कहा कि इस सरकार ने किसानों की खाद, बीज, दवाई, खेती उपकरणों पर टैक्स में भी कोई राहत नहीं दी जबकि कांग्रेस सरकार के दौरान कृषि से जुड़ी तमाम चीजें टैक्स फ्री होती थीं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने इस बजट में युवाओं के साथ भी अन्याय किया है।

## कुशीनगर : चातुर्मास में ब्रज की यात्रा स्वर्ग के समान: गोविंद गोपाल दास



**कुशीनगर। एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कान) के तत्वाधान में ब्रज क्षेत्र की यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों से भरी दो बस बुधवार सुबह कसया से रवाना हुई। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर बस यात्रियों को रवाना किया। प्रतिनिधि सहित अनेक लोगों ने उपस्थित होकर यात्रा की सफलता की कामना की। इसके पूर्व नगर में संकीर्तन यात्रा निकाली गई। हरे राम हरे कृष्ण के जयघोष से नगर गूंज उठा। चतुर्थ आठ दिवसीय वार्षिक यात्रा के दौरान श्रद्धालु हरिद्वार और ऋषिकेश भी जायेंगे। इस्कान केंद्र से निकली संकीर्तन यात्रा रोडवेज, गांधी चौक, मुख्य मार्ग, गोलाबाजार होते हुए नेशनल हाईवे पहुंची। जहां यात्री बस में सवार हुए। इस अवसर पर

अध्यक्ष प्रतिनिधि ने सफल यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक यात्राएं मनुष्य को सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। इससे न केवल आत्मकल्याण होता है बल्कि समाज और देश का भी भला होता है।

इस्कान केंद्र के प्रमुख गोविंद गोपाल दास ने यात्रा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वेद-पुराणों में ब्रज की 84 कोस की परिक्रमा का बहुत महत्व है। ब्रज भूमि भगवान श्रीकृष्ण एवं उनकी शक्ति राधा रानी की लीला भूमि है। इस परिक्रमा के बारे में वारह पुराण में बताया गया है कि पृथ्वी पर 66 अरब तीर्थ हैं और वे सभी चातुर्मास में ब्रज में आकर निवास करते हैं। पूर्व नपा अध्यक्ष कृष्ण कुमार, आरएसएस के प्रतिनिधि मनीष कुमार श्रीवास्तव, सभासद संघ के अध्यक्ष राजेश मद्धेशिया, भाजपा नेता अमिय गुप्त, विनोद श्रीवास्तव एडवोकेट आदि ने सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी।

यात्रियों में उमेश चंद गुप्ता, प्राथमिक शिक्षक सुधा रानी,संजय मद्धेशिया, अमित जायसवाल, विजय मद्धेशिया, अमन मद्धेशिया, हीरा, पूनम, नरेंद्र जायसवाल, सुनीता, सिद्धि, नरेंद्र वर्मा, शुभम, आद्या आदि शामिल रहे।

## रोनाल्ड रोवे संभालेंगे अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की कमान



**वाशिंगटन। एजेंसी**

अमेरिका की रिपब्लिकन पार्टी के वरिष्ठ नेता, राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर 13 जुलाई को हुए कातिलाना हमले की उच्चस्तरीय जांच के बीच आखिरकार अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की निदेशक किम्बर्ली चीटल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। फिलहाल सीक्रेट सर्विस की कमान रोनाल्ड रोवे के हाथों में होगी।

डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बयान में कहा कि 13 जुलाई को जो कुछ हुआ, वह दोबारा नहीं होना चाहिए। इस बीच होमलैंड सुरक्षा सचिव एलेजांद्रो मयोरकास ने कहा है कि सीक्रेट सर्विस के उप निदेशक रोनाल्ड रोवे कार्यवाहक निदेशक के रूप में काम करेंगे। उनको एजेंसी में काम करने का 24 साल का अनुभव है। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की निदेशक किम्बर्ली चीटल ने इस्तीफा दे दिया है। इस पर राष्ट्रपति बाइडेन ने किम्बर्ली की दशकों की सार्वजनिक सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि किम्बर्ली चीटल ने देश की रक्षा के लिए निस्वार्थ रूप से समर्पित होकर कई बार अपना जीवन जोखिम में डाला।

उल्लेखनीय है कि चीटल सोमवार को प्रतिनिधि सभा के सामने पेश हुई थीं। इस दौरान उन्हें तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा। उन्होंने सांसदों के कई सवालों के जबाव नहीं दिए। इस पर कई रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक सांसदों ने उनसे इस्तीफा देने की मांग की।

### किसानों को मिला 5590 करोड़ से अधिक का कृषि ऋण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में किसानों को अब तक राज्य सहकारी बैंकों के द्वारा 2058 सहकारी समितियों के माध्यम से 5590.35 करोड़ रुपये का अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया गया है। इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा किसानों को 7300 करोड़ रुपये ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। अब तक वितरित कुल राशि लक्ष्य का लगभग 76 प्रतिशत है। किसानों को उनके मांग और रकबे के अनुरूप अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया जा रहा है। जबकि पिछले वर्ष आज की स्थिति में 5 हजार 493 करोड़ रुपये के अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित किए गए थे। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को खेती-किसानी की प्रारंभिक जरूरतों को पूरा करने तथा खेती-किसानी में सहूलियत प्रदान करने के उद्धेश्य से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना प्रारंभ किए गए थे। इसके अलावा किसानों को साहूकारों के चंगुलों से बचाना इसका एक प्रमुख उद्देश्य था। वर्तमान समय में इस योजना के माध्यम से प्रदेश के लाखों किसान इससे लाभान्वित हो रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने 13 नगरीय निकायों में लाइब्रेरी की दी सौगात

**रायपुर। एजेंसी**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में लाइब्रेरी निर्माण के प्रस्ताव को वित्त विभाग से हरी झंडी मिल गई है। लाइब्रेरी को नॉलेज बेस्ड सोसायटी यानी ज्ञान आधारित समाज के प्रतीक के रूप में प्रदेश के अलग-अलग स्थानों में स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने संकल्पित है। उन्होंने आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित लाइब्रेरी की सौगात दी है, जिसका लाभ युवाओं को मिलेगा। उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रदेश के युवाओं को बड़ी सौगात मिलने जा रही है।

- युवाओं को मिलेगा उच्च गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री 85 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत

वित्त विभाग ने रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में लाइब्रेरी के लिए 85 करोड़ 42 लाख से अधिक की राशि स्वीकृत की है। प्रदेश के 4 नगरीय निकायों में 500 सीटर और 9 नगरीय निकायों में 200 सीटर लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह उन विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होगा, जो छोटे शहरों में रहकर उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई करना चाहते हैं या फिर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

### शिमला के रोहड़ू में कार खाई में गिरी

**शिमला।** रोहड़ू उपमंडल में शादी समारोह में कैटरिंग कार्य से लौट रहे युवकों की कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। कार में पांच युवक सवार थे। हादसे में दो युवकों ने दम तोड़ दिया और तीन घायल हैं। इन्हें रोहड़ू सिविल अस्पताल से आईजीएमसी रैफर किया गया है। डीएसपी रोहड़ू रविन्द्र नेगी ने बताया कि मृतकों की पहचान बिलासपुर के भोजपुर निवासी लक्की शर्मा पुत्र प्रकाश चंद और सोलन के अर्की निवासी ईशांत पुत्र राम लाल के रूप में हुई है। घायलों में अर्की निवासी राकेश (23) पुत्र धर्म पाल, सुन्नी निवासी भरत (19) पुत्र खेम और ननखड़ी निवासी पंकज (19) पुत्र कुलदीप शामिल हैं। कार को लक्की चला रहा था। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। दोनों शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए गए हैं। घायलों की हालत खतरे से बाहर है। इस बीच हादसे के बाद मृतकों के परिजनों के घर कोहराम मच गया।

## ताइवान में तूफान 'गेमी' का जमीन से लेकर आसमान तक दिखा असर



**ताइपे। एजेंयसी**

ताइवान में 'तूफान गेमी' का जमीन से लेकर आसमान तक असर दिख रहा है। आम जनजीवन ठप है। बाजारों को बंद करा दिया गया है। कामकाजी लोगों को छुट्टी दे दी गई। एयरलाइन कंपनियों ने उड़ानें भी रद्द कर दी हैं। मूसलाधार बारिश और तेज हवा के पूवार्नुमान के दौरान होने वाली तबाही से निपटने के लिए सेना को चौकस किया गया है।

फोकस ताइवान सीएनए इंग्लिश न्यूज और ताइपे टाइम्स के अनुसार, केंद्रीय मौसम प्रशासन ने कहा है कि गेमी के आज शाम पूर्वोत्तर तट पर टकराने की उम्मीद है। फिलहाल इसे मध्यम-शक्ति वाले तूफान के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इसके बाद गेमी के ताइवान जलडमरूमध्य के पार जाने की संभावना है।

शुक्रवार दोपहर बाद यह दक्षिणपूर्वी चीनी प्रांत फुजियान से टकराएगा। इसकी तीव्रता के मद्देनजर ताइवान में सारे स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। तेज बारिश से राजधानी ताइपे की सड़कें सुनसान हो गई हैं। परिवहन मंत्रालय ने कहा कि 27 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के साथ लगभग सभी घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। फोकस ताइवान सीएनए इंग्लिश न्यूज के अनुसार केंद्रीय मौसम प्रशासन ने कहा है कि गेमी बुधवार सुबह ताइवान के पूर्वी हिस्से पर पहुंच गया। यह तेजी से देश की ओर बढ़ रहा है। हवा की गति 250 किलोमीटर प्रति घंटा है। बुधवार आधी रात यह पूर्व में यिलान और हुलिएन काउंटी में तबाही मचा सकता है। इससे होने वाले भूस्खलन से गुरुवार सुबह तक सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है।

**आस्था** › बीड़ बबरान धाम में महाकालेश्वर के स्वरूप के दर्शनों के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु

# आराधना के लिए बीड़ बबरान धाम में पहुंच रहे भक्त : विनय

- बीड़ बबरान धाम में महाकालेश्वर के अदभुत स्वरूप के दर्शन करके अभिभूत हो गए श्रद्धालु



**हिसार। एजेंसी**

सावन मास में पूजा-पाठ के लिए बीड़ बबरान धाम में विशेष व्यवस्था की गई है। यहां महाकालेश्वर राजा के स्वरूप के दर्शनों के लिए विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बुधवार को बताया कि सावन मास के हर सोमवार एवं अन्य दिवसों पर हर रोज सायंकाल शंकर जी महाकालेश्वर का विशेष श्रृंगार किया जाता है। इस दौरान महाकाल की आभा देखने लायक होती है। श्रद्धालु महाकाल के स्वरूप के दर्शन करके अभिभूत हो जाते हैं और मन्नत मांगते हैं। उन्होंने बताया कि 22 जुलाई को सावन माह के पहले सोमवार को बीड़ बबरान धाम में श्रद्धालुओं का कोई पारावार नहीं था। इसी भांति 29 जुलाई, 5, 12 व 19 अगस्त के सोमवार को भी महाकालेश्वर के दर्शनों, पूजा व आराधना के लिए दूर-दूर से भक्तगण पहुंचेंगे।

महाकालेश्वर के दरबार के समक्ष माथा टेककर सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है और समस्त कष्टों का निवारण होता है। उन्होंने कहा कि महाकाल बड़े दयालु हैं और भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं। इसलिए सावन माह में महाकालेश्वर की पूजा व आराधना का विशेष महात्म्य है। महाकालेश्वर के दर्शनों के लिए भक्तगण हर रोज बीड़ बबरान धाम पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीड़ बबरान धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को धाम में स्थापित श्याम बाबा के दरबार, वीर हनुमान के मंदिर, अखंड ज्योत, महाभारतकालीन पीपल के वृक्ष, शिव परिवार, धूणे, घोड़े के पांव के निशान वाली शिला व मढ़ी के दर्शनों का भी अवसर मिल रहा है।

### सीएम ने किया भगवान केदारनाथ का दर्शन

**केदारनाथ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार प्रातः भगवान केदारनाथ के दर्शन कर जलाभिषेक किया। मंदिर दर्शन के पश्चात मुख्यमंत्री यात्रा व्यवस्थाओं और पुनर्निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री केदारनाथ धाम से पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे वापस देहरादून के लिए रवाना हुए। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति और तीर्थ पुरोहितों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री को भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया।

## विद्यार्थियों का हुनरमंद होना जरूरी : डॉ. सैनी

**हिसार। एजेंसी**

राजगढ़ रोड स्थित श्री गुरु गोरक्षनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्रों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय में बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी ने कहा कि वर्तमान मे विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी तभी वह भविष्य में सफल हो सकेगा। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए महाविद्यालय में सत्र के शुभारंभ की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारा महाविद्यालय प्रदेश में लगभग सभी क्षेत्रों में अग्रणी है तथा इस महाविद्यालय का छात्र होना सौभाग्य की बात है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रमेश कुमार ने समय-सारणी और अनुभाग की जानकारी दी जबकि डॉ. अंजू चौधरी ने मेंटर ग्रुप के बारे में विस्तार से बताया। शमशेर सिंह ने विद्यार्थियों को बस पास की सुविधा के बारे में बताया जबकि राजेंद्र सेवदा ने विद्यार्थियों को उनकी उपस्थिति और विश्वविद्यालय की परीक्षा की विस्तृत जानकारी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### आगामी चुनौतियों के लिए तैयार भारतीय अंडर- 17 पुरुष फुटबॉल टीम : इश्फाक अहमद



**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर- 17 पुरुष टीम का शिविर पिछले दो सप्ताह से श्रीनगर में चल रहा है और मुख्य कोच इश्फाक अहमद का मानना है कि यह अब तक बहुत अच्छा रहा है। ब्लू कोल्ट्स सितंबर में आगामी सैफ अंडर- 17 चैम्पियनशिप और अक्टूबर में एफसी अंडर- 17 एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी कर रहे हैं। इश्फाक ने एआईएफएफ के हवाले से कहा अब तक सब कुछ जिस तरह से चल रहा है उससे मैं खुश हूं। मैं पूरी तरह सतर्क हूं। हमें चोट की कोई समस्या नहीं है। 18 सितंबर को भूटान के थिम्पू में सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप शुरू होने में अभी भी लगभग दो महीने बाकी हैं। इसलिए, शिविर के इन शुरूआती चरणों में, प्राथमिक ध्यान फिटनेस बनाने पर है। उन्होंने कहा हम इस समय 'साइकल वन' में हैं - पिछले दो हफ्तों से फिटनेस पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### खेलों में उड़ान भरने को तैयार है पश्चिम चम्पारण



**बेतिया।** जमीनी स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल विभाग प्रत्येक ग्राम पंचायतों में एक खेल क्लब तथा एक खेल मैदान चिन्हित करने के प्रक्रिया की ओर आगे बढ़ चुका है। जिला, राज्य, राष्ट्रीय स्तरीय खेलों के महाकुंभ में अपनी श्रेष्ठता साबित करने के लिए इस जिले के खिलाड़ी अपनी पूरी ताकत झोंक देती है। उक्त प्रतियोगिता सामान्य एथलीटों तथा चैंपियनों को राज्य व राष्ट्र का मशहूर हस्तियां बना देता है। पीढ़ीगत प्रतिभाओं को किंवदंतियां को बदल देता है। यह वह प्लेटफार्म है जहां जिले व राज्य के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बड़ी निष्पक्षता से खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करने के लिए संभव की सीमा तक धकेलते हैं । जिला व राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में जिले के कुछ दिग्गज खिलाड़ी कुछ नया करने तथा इतिहास रचने को बेसब्र है। यह बातें जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पंडित ने बुधवार को बेतिया अनुमंडल अंतर्गत सभी प्रखंडों यथा नौतन, बैरिया, मझौलिया ,योगापट्टी ,चनपटिया, बेतिया को खेल भवन सह व्यायामशाला भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में सभी शारीरिक शिक्षकों व शारीरिक स्वास्थ्य अनुदेशकों के बीच कही।

### डकार 2026 युवा ओलंपिक के मोटो का किया गया अनावरण



**पेरिस।** डकार 2026 युवा ओलंपिक खेलों (वाईओजी) ने मंगलवार को यहां अपना आधिकारिक मोटो, अफ्रीका स्वागत करता है, डकार जश्न मनाता है का अनावरण किया। यह मोटो, सेनेगल को ओलंपिक खेल आयोजन की मेजबानी करने वाले पहले अफ्रीकी देश के रूप में उजागर करता है और फिर पूरे महाद्वीप की भूमिका पर जोर देता है, जिसे डकार 2026 आयोजन समिति (वाईओजीओसी) द्वारा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के चल रहे 142वें सत्र में पेश किया गया था। आईओसी सदस्य और वाईओजी डकार 2026 के समन्वय आयोग की अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने कहा यह मोटो अफ्रीकी आतिथ्य और डकार की उत्सव भावना के सार को पकड़ने के लिए बनाया गया है, जो दुनिया को एक साथ साझा करने और जश्न मनाने के लिए आमंत्रित करता है। 31 अक्टूबर से 14 नवंबर तक चलने वाले डकार 2026 में तीन मेजबान स्थलों डकार, डायमनियाडियो और सैली में दुनिया के शीर्ष युवा एथलीट भाग लेंगे।

# बंगलादेश ने मलेशिया को 114 रनों से हराया

- नाहिदा अख्तर ने आई हंटर को (20) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया
- मलेशिया की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 77 रन ही बना की



**दांबुला। एजेंसी**

मुशीर्दा खातून (80) और कप्तान निगार सुल्ताना नाबाद (62) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों शानदार प्रदर्शन दम पर बंगलादेश ने बुधवार को महिला एशिया कप के 11वें मुकाबले में मलेशिया को 114 रनों से हरा दिया है। 192 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने छह ओवर में 23 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये।

पहले ही ओवर में जहांआरा आलम ने ए एच हाशिम (शून्य) को आउट कर मलेशिया को पहला झटका दिया। इसके बाद नाहिदा अख्तर ने आई हंटर को (20) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। तीसरे विकेट के रूप में वान जुलिया (11) को ऋतु मोनी ने बोल्ड किया। कप्तान वी दुरइसिंगम (8), आइना नजवा (4), ए अलिसा (1), एम आई इस्माइल (15) और एस मनिवन्नन (8) रन बनाकर आउट हुई। मलेशिया की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 77 रन ही बना की और 114 रनों से बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

बंगलादेश की और से नाहिदा अख्तर ने 13 रन देकर दो विकेट लिये। जहांआरा आलम, एस एन जेस्मिन, राबेया खान, ऋतु मोनी और शोरना अख्तर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले यहां बंगलादेश की कप्तान निगार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बंगलादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मलेशिया को जीत के लिये 192 रनों का लक्ष्य दिया था। दिलारा अख्तर और मुशीर्दा खातून की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट लिये (65) रन जोड़े। आठवें ओवर में एम आई इस्माइल ने दिलारा अख्तर को आउट कर मलेशिया को पहली सफलता दिलाई। दिलारा अख्तर ने 20 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से (33) रन बनाये। बंगलादेश को दूसरा विकेट 17वें ओवर में मुशीर्दा खातून के रूप में गिरा।

मुशीर्दा खातून ने 59 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए (80) रनों की पारी खेली। कप्तान निगार सुल्ताना 37 गेंदों में (62) और रुमाना अहमद (6) रन बनाकर नाबाद रहीं। बंगलादेश ने निर्धारित 20 ओवरों में दो विकेट पर 191 रनों का स्कोर खड़ा किया। मलेशिया की ओर से एम आई इस्माइल और एलसा हंटर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## 23वीं जूनियर नेशनल वुशु प्रतियोगिता तमिलनाडु के कोइम्बाटूर में 26 जुलाई से

- 35 सदस्यों वक्ली झारखण्ड टीम रवाना



- झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के पदाधिकारियो ने खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी

**संवाददाता**

**रांची।** तमिलनाडु के कोयम्बटूर में आयोजित किये जा रहें 23वीं जूनियर नेशनल वुशु प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 35 सदस्यीय दल आज रांची रेलवे स्टेशन से रवाना हो गयी। यह प्रतियोगिता कोयम्बटूर के पीआर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के विशाल परिसर में आयोजित होंगी। तमिलनाडु वुशु एसोसिएशन और वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों के जूनियर खिलाडी भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता दिनांक 26 से 31 जुलाई तक आयोजित होंगी।

**जूनियर वुशु प्रतियोगिता के लिए होगा खिलाड़ियों का चयन**

इस जूनियर प्रतियोगिता के दौरान वर्ल्ड जूनियर वुशु प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन होगा जो ब्रूनेई में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह चयन ट्रायल 1 अगस्त को आयोजित होगा। ज्ञातव्य हो की रांची में पिछले दिनों आयोजित किये गए राज्य प्रतियोगिता के आधार पर झारखण्ड दल का चयन किया गया है।

**झारखण्ड जूनियर वुशु दल में निम्न खिलाड़ी शामिल है**

**बालक वर्ग :** अमन अंसारी अमन कच्छप, ध्रुव द्विवेदी, सुंदरम टिग्गा, शांतनु सेन, समीर भुईया, आयुष कुमार, राज कुमार,बुधराम सिब्घ मुंडा, अभिजीत सिंह, राकेश भारती, नितेश उरांव, ज्ञान गौरव, अविनाश किसपोट्टा, उज्जवल पाल, अनित मुंडा, विक्रम कुमार गंझु, विकास कुमार महतो।

**बालिका वर्ग :** कशिश राज, दिव्या सोय, दीपिका कुमारी, राखी कुमारी, आराध्या श्रीवास्तव,रेणु कुमारी, मीनू कुमारी, राधिका कुमारी, सोमो कुमारी, कोमोला कुमारी, रौशनी कुमारी, कोमल हर्षिता वर्मा।

झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ प्रदीप कुमार वर्मा सहित डॉ कविता सिंह, मिथलेश साहू, डॉ अंशु साहू.चंचल भट्टाचार्य, कुमुद प्रसाद साहू,उदय साहू, शैलेन्द्र कुमार, मनोज कुमार महतो, मनोज साहू, शशिकांत पांडे, रजि अहमद, गोकुलनंद मिश्रा, वाहिद अली, आजाद पाठक, शैलेन्द्र दुबे, रत्नेश कुमार, दीपक गोप, आशीष गोप, अमासी बारला, संजय मंडल, कार्तिक राम, दिनेश यादव, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, प्रतिमा कुमारी, बिमला टोप्पो, सुशांति तोपनो, काजल किरण, मृतुन्जय कुमार राय, शिवेंद्र दुबे आदि ने शुभकामनायें दी हैं। झारखण्ड दल के मैनेजर बासुदेव टोप्पो, रोशन रजक और मृत्युजय कुमार राय होंगे जबकि निशांत तिर्की कोच होंगे।

## स्थानीय और स्वदेशी खेलों से रूबरू हुए परिषदीय स्कूलों के छात्र

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बुधवार को प्रदेश के सभी परिषदीय विद्यालयों में खेल दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने स्थानीय और स्वदेशी खेलों के विषय में जाना और इसमें हिस्सा भी लिया। उल्लेखनीय है कि शिक्षा मंत्रालय, केंद्र सरकार के निर्देश पर 22 से 28 जुलाई के बीच परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में ॓शिक्षा सप्ताह॓ का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 24 जुलाई को खेल दिवस के अंतर्गत खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस आयोजन के संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से समस्त बीएसए, बीईओ एवं डीसीटी व डीसी गर्ल्स को गतिविधियों के संबंध में निर्देश प्रदान किए थे। शिक्षा सप्ताह के तीसरे दिन सभी परिषदीय विद्यालयों में खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय खेलों के आयोजन के साथ ही स्वदेशी खेलों और उनके महत्व के बारे में छात्रों को जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा, प्राचीन भारतीय खेलों के इतिहास और महत्व की जानकारी एवं प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर रस्सी कूदना, विष-अमृत, खो-खो, कबड्डी इत्यादि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्सव के माहौल में किया गया। साथ ही, छात्रों को प्रेरित करने के लिए स्थानीय प्रेरक व्यक्तित्व को भी आमंत्रित किया गया। इनमें एसएमसी, माता-पिता एवं सामाजिक संगठनों को स्थानीय खेलों की महत्ता के बारे में जानकारी देने के लिए आमंत्रित किया गया।

## मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के युवा अध्यक्ष बने अजिंक्य

**मुंबई। एजेंसी**



अजिंक्य नाइक मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के सबसे युवा अध्यक्ष बन गए हैं। मंगलवार को एमसीए चुनाव के नतीजों की घोषणा की गई। 37 साल की उम्र में नाइक ने मुंबई भाजपा प्रमुख और बीसीसीआई कोषाध्यक्ष आशीष शेलार के उम्मीदवार संजय नाइक को चुनाव में 107 वोटों से हराया। एमसीए के एक बयान के अनुसार, 335 वोट डाले गए। अजिंक्य को 221 वोट मिले, जबकि संजय को 114 वोट मिले। एमसीए के पूर्व अध्यक्ष अमोल काले के निधन के कारण ये चुनाव कराए गए।

काले का इस महीने की शुरूआत में न्यूयॉर्क में 47 साल की उम्र में निधन हो गया था। नाइक एमसीए के सचिव के रूप में कार्यरत थे। रिक्त पद को भरने के लिए, एमसीए ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की थी, जिसमें 25 जून से 2 जुलाई तक सदस्य क्लबों और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों के नाम मांगे जाने शामिल थे। अक्टूबर 2022 में हुए चुनावों में भारत और मुंबई के पूर्व क्रिकेटर संदीप पाटिल को हराने के बाद काले एमसीए के अध्यक्ष बने।

2022 में चुने जाने के बाद काले ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में एक सफल कार्यकाल पूरा किया। उनके कार्यकाल के दौरान ही एमसीए ने 2024-25 सीजन के लिए अपने वरिष्ठ पुरुष क्रिकेटरों को 100 प्रतिशत वेतन वृद्धि देने पर सहमति व्यक्त की थी। इस निर्णय को एमसीए की हाल ही में हुई शीर्ष परिषद की बैठक में मंजूरी दी गई। यह प्रभावी रूप से एक खिलाड़ी की कमाई को पूरे सीजन में दोगुना कर देगा।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान के करीब पहुंचे जो रूट

- ट्रेंट ब्रिज में शानदार जीत के बाद इंग्लैंड के बल्लेबाजों की रैंकिंग में उछाल



**नई दिल्ली। एजेंसी**

इंग्लैंड के मध्यक्रम के स्टार बल्लेबाज जो रूट बुधवार को जारी बल्लेबाजों की नवीनतम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज न्यूजीलैंड के अनुवभवी बल्लेबाज केन विलियमसन के करीब पहुंच गए हैं। रूट न्यूजीलैंड के बल्लेबाज से सात अंक पीछे हैं। विलियमसन 859 पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर हैं जबकि रूट के 852 पॉइंट्स हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड की टीम ने शानदार जीत दर्ज की। ट्रेंट ब्रिज में खेले गए दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 241 रनों से हरा दिया। मैच में प्रभावशाली प्रदर्शन से इंग्लैंड के कई स्टार खिलाड़ियों को नवीनतम आईसीसी पुरुष टेस्ट रैंकिंग में बड़ी बढ़त हासिल हुई है। मैच में अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने अपना 32वां टेस्ट शतक बनाया। रूट ने शादार 122 रनों की शतकीय पारी खेली। जिसके चलते वह टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 के करीब पहुंच गए। रूट ने 12 रेटिंग अंकों का सुधार किया है और अब वह न्यूजीलैंड के अनुभवी केन विलियमसन से सात अंक पीछे हैं। बर्मिंघम में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में बल्ले से एक और मजबूत प्रदर्शन करके रूट फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर सकते हैं।

हैरी ब्रूक पहुंचे तीसरे स्थान पर

बल्लेबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने भी बड़ा सुधार किया है। ब्रूक चार पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ स्थान है।

# वाणिज्य



## शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव होता नजर आ रहा है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक दबाव में कारोबार करते नजर आ रहे हैं। कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद से ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.17 प्रतिशत और निफ्टी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एचडीएफसी लाइफ, टाटा मोटर्स, आईटीसी, टेक महिंद्रा और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के शेयर 3.14 प्रतिशत से लेकर 1.86 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बजाज फाइनेंस, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, नेस्ले, बजाज फिनसर्व और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 2.61 प्रतिशत से लेकर 1.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,216 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,783 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 433 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 12 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 18 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 18 शेयर हरे निशान में और 32 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 85.66 अंक की कमजोरी के साथ 80,343.38 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर करीब 90 अंक की मजबूती के साथ 80,519.58 अंक तक पहुंचने में सफल रहा।

## बजटीय प्रावधानों से सर्राफा बाजार में गिरावट, सस्ता हुआ सोना और चांदी

**नई दिल्ली। एजेंसी**



बजट के अगले दिन ही घरेलू सरार्फा बाजार में जबरदस्त करेक्शन नजर आ रहा है। सिर्फ एक दिन में सोना करीब 2,300 रुपये तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी के भाव में भी करीब छार हजार रुपये की गिरावट आई है। गिरावट के बाद देश के सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 71,450 रुपये से लेकर 70,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है।

इसी तरह 22 कैरेट सोना भी सरार्फा बाजारों में 65,490 रुपये से लेकर 64,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी भी करीब चार हजार रुपये सस्ता होकर दिल्ली सरार्फा बाजार में 87,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 65,090 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 70,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 64,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 65,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 64,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 70,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 64,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

## ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में भी चौतरफा दबाव

**नई दिल्ली। एजेंसी**




ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में लगातार दबाव बना रहा। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणामों के साथ बंद हुआ। वहीं एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर दबाव की स्थिति बनी हुई है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान मुनाफा वसूली होती रही, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। डाउ जॉन्स 57 अंक गिर कर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,555.74 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.06 प्रतिशत की मामूली कमजोरी के साथ 17,997.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं आज डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 126.86 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 40,231.23 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान दबाव के बीच कारोबार होता रहा। हालांकि आखिरी घंटे में हुई खरीदारी के सपोर्ट से यूरोपीय बाजार मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,167.37 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.31 प्रतिशत टूट कर 7,598.63 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, डीएएक्स इंडेक्स 150.63 अंक यानी 0.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,557.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी आज लगातार दबाव बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 1 सूचकांक मामूली बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार करता नजर आ रहा है।

## नीता अंबानी सर्वसम्मति से दोबारा 'अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी' की सदस्या चुनी गई



चमकता राजस्थान

**पेरिस, 24 जुलाई 2024:** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी ने एक बार फिर नीता अंबानी में अपना विश्वास जताया है। वे सर्वसम्मति से दोबारा आईओसी की सदस्या चुन ली गई हैं। कुल 93 वोटर्स ने अपना वोट दिया और नीता अंबानी के पक्ष में सभी 93 वोट पड़े यानी पूरे 100 प्रतिशत। 2016 में रियो डी जेनेरियो ओलंपिक खेलों में नीता अंबानी पहली बार आईओसी सदस्या चुनी गई थी। वे रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरपर्सन हैं।

अपने पुनर्निर्वाचन पर नीता अंबानी ने कहा, ₹अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी के सदस्य के रूप में फिर से चुने जाने पर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूँ। मैं प्रेसिडेंट बाख और आईओसी में अपने सभी सहयोगियों को मुझ पर विश्वास और भरोसे के लिए धन्यवाद देना चाहती हूँ। यह पुनर्निर्वाचन न केवल मेरे लिए एक व्यक्तिगत मील का पत्थर है, बल्कि वैश्विक खेल क्षेत्र में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दिखाता है। मैं हर भारतीय के साथ खुशी और गर्व के इस पल को साझा करना चाहती हूँ और भारत और दुनिया भर में ओलंपिक आंदोलन को मजबूत करने के लिए मैं तत्पर हूँ।₹

बताते चलें कि नीता अंबानी के नेतृत्व में 40 साल के इंतजार के बाद भारत को आईओसी की वार्षिक बैठक की मेजबानी मिली थी। वर्ष 2023 में मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में इसका सफल आयोजन किया गया था। नीता अंबानी की लीडरशिप में ही पहली बार ओलंपिक में इंडिया हाउस बनाया गया है। जो पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों, समर्थकों व दर्शकों के लिए भारत से दूर एक घर की तरह है।

# जरूरत के समय में जयपुर में बढ़ रहा है क्राउडफंडिंग का चलन

चमकता राजस्थान

जयपुर, 24 जुलाई। भारत के अग्रणी क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म, मिलाप ने आज शहर में एक कार्यक्रम के दौरान लोगों को जागरूक किया और क्राउडफंडिंग अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि कैसे क्राउडफंडिंग चिकित्सा आपात स्थितियों के दौरान महत्वपूर्ण योगदान देने के साथ-साथ अप्रत्याशित हानि होने पर परिवारों को सहयोग तथा प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बड़ी सहायता प्रदान कर सकता है। मिलाप भारतीय क्राउडफंडिंग परिदृश्य में अग्रणी रहा है, जिससे इन प्रभावशाली योगदानों को संभव बनाया जा सका है। यहां यह गौर करने का विषय है कि राजस्थान और इसकी राजधानी जयपुर, में 22,000 से अधिक फंडरेज़र्स के साथ क्राउडफंडिंग का तेजी से उपयोग हो रहा है और राज्य में अब तक 32.2 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि जुटाई गई है।

ऐसे देश में जहां हेल्थकेयर की लागत अकसर निषेधात्मक और बीमा कवरेज सीमित है, मिलाप एक महत्वपूर्ण वित्तीय प्रदाता के रूप में उभरा है। यह प्लेटफॉर्म उन लोगों के बीच एक सेतु के रुप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो मेडिकल जर्नी के दौरान दुर्गम वित्तीय बाधाओं का सामना कर रहे हैं और दूसरे वे लोग जो अपनी दान करने के सामर्थ्य से बदलाव लाने की इच्छा रखते है। कोई जयपुर में इलाज कराना चाहता हो या चाहे अनुशंसा पर मेट्रो सिटी में स्थानांतरित होना चाहता हो, क्राउडफंडिंग सर्वोत्तम उपलब्ध उपचार प्राप्त करने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

ऑर्गेनाइजेशन में वाइस प्रेसिडेंट, मान्या शर्मा ने कहा, यह देखना वास्तव में प्रेरणादायक है कि वर्तमान डिजिटल क्रांति के कारण लोग किस प्रकार अपनी कम्यूनिटी के भीतर और उससे परे एक-दूसरे की मदद करने के लिए आगे आ रहे हैं। इससे भी अधिक प्रसन्नता की बात यह है कि सहायता का प्रत्येक कार्य, चाहे दान का आकार कुछ भी हो, एक गहरा अंतर ला सकता है - कभी-कभी तो व्यक्तियों और उनके परिवारों को जीवन का दूसरा मौका भी मिल सकता है। हमारी 14 वर्ष की लंबी यात्रा लोगों की मदद करने की सच्ची मंशा, उनकी दयालुता और सामूहिक प्रोत्साहन को दर्शाती है, जो इस मूवनेंट को आगे बढ़ाता है।''




उन्होंने आगे बताया कि, ₹जयपुर ने क्राउडफंडिंग को अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।अब तक शहर के 2,500 फंडरेज़र्स ने 17 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह राशि राजस्थान में गंभीर और उच्च स्तरीय देखभाल के लिए 6,600 फंडरेजर्स से जुटाई गई कुल 22 करोड़ रुपये की राशि में से है। हम अधिक से अधिक लोगों को क्राउडफंडिंग को अपनाने और जरूरत के समय मदद लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।''

इस कार्यक्रम में राजस्थान के लाभार्थी और कैम्पेन आयोजक एकत्रित हुए, जिन्होंने मिलाप के माध्यम से सफलतापूर्वक धन जुटाया है, ताकि जागरूकता पैदा की जा सके और अपनी व्यक्तिगत यात्रा और अनुभव साझा किए जा सकें।

शहर से मिलाप कैम्पेन के आयोजक, अधिराज सिंह ने अपने डोमेस्टिक हेल्पर के बेटे मनराज के लिए धन जुटाने का अपना अनुभव साझा किया, जिसे ग्लूकोमा के लिए करेक्टिव सर्जरी की आवश्यकता थी। उन्होंने बताया कि ''79 डोनर्स की उदारता की बदौलत हमने मनराज की सर्जरी के लिए 1.75 लाख रुपये से ज़्यादा जुटाए, जिससे उनकी बाईं आंख बच गई। हालांकि उसकी लड़ाई जारी है, लेकिन वह ठीक हो रहा है और यह सब मिलाप के सहयोग और निर्बाध प्लेटफ़ॉर्म की वजह से संभव हो पाया है। टीम हमेशा सहायता के लिए उपलब्ध थी, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि धन जुटाने और निकालने की प्रक्रिया कुशलतापूर्वक संचालित की गई।₹

स्थानीय निवासी, सागर कुमार बैरवा ने बताया कि कैसे उनके परिवार की ज़िंदगी एक बाइक दुर्घटना की वजह से पूरी तरह से बदल गई, जिसमें उनका 5 महीने का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की वजह से उसके सिर में गंभीर चोट और उसके विकास में देरी आई। डॉक्टरों ने तत्काल सर्जरी को ही ठीक होने की एकमात्र उम्मीद बताया, लेकिन इसके लिए खर्चा उठाने में परिवार को संघर्ष करना पड़ा। एक करीबी दोस्त से मिलाप के बारे में जानने के बाद, उन्होंने इस प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से धन जुटाना शुरु किया। 168 डोनर्स के सहयोग से, उन्होंने उपचार के लिए आवश्यक पूरी राशि सफलतापूर्वक जुटा ली है, और बच्चे की सर्जरी जल्द ही होने वाली है। इस प्लेटफॉर्म पर न केवल चिकित्सा, बल्कि मेमोरियल, सामुदायिक कारण और पशु कल्याण के प्रयासों को भी अपार सफलता मिली है। उदाहरण के लिए, शहरी वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए समर्पित संगठन 'रक्षा', मिलाप के सहयोग से अपने मिशन को आगे बढ़ाने में सक्षम हुआ है। 'रक्षा' के फाउंडर, राहुल ने कहा, ₹मिलाप के माध्यम से वित्त पोषित, हमारे 'स्नेक रेस्क्यू प्रोजेक्ट' ने 137 उदार सपोर्टर्स की मदद से 1.47 लाख रुपए जुटाए। यह प्रोजेक्ट जयपुर और फुलेरा के आवासीय क्षेत्रों में सांपों को बचाता है और लोगों में जागरूकता बढ़ाता है। टीम ने हमें सफलतापूर्वक फंड जुटाने में मदद की, जिससे हमें रेपटाइल्स, घायल पक्षियों को बचाने और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने में मदद मिली है। उनका यह प्लेटफ़ॉर्म हमारे दृष्टिकोण को साकार करने के लिए संसाधन और समर्थन प्रदान करता है।''

कपारा लंदन द्वारा स्थापित 'द बे-टर फ्यूचर कलेक्टिव' नामक एक अन्य संगठन, सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए पैशन से भरपूर व्यक्तियों को एकजुट करने के लिए समर्पित है। उनका मुख्य फोकस लड़कियों की शिक्षा पर है, विशेष रूप से जयपुर के एक वंचित क्षेत्र लूनियावास में रहने वाली लड़कियों को स्कूल तक पहुंच उपलब्ध कराकर उनकी सहायता करना। उनका लक्ष्य प्रत्येक वर्ष 200 लड़कियों को स्कूल भेजने के लिए फंड जुटाना है। 'द बेटर फ्यूचर कलेक्टिव' के जिग्नेश ने बताया, ''मिलाप सबसे अच्छे क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म में से एक है। हमने बहुत ही कम समय में पर्याप्त धनराशि जुटा ली, जिससे वंचित लड़कियों की शिक्षा में काफी मदद मिली। हमारा अनुभव बहुत अच्छा रहा है, और हम इस प्लेटफ़ॉर्म के साथ फंडरेजिंग के अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए तत्पर हैं।

# किसानों को प्रथम चरण में मिले सिंचाई पानी

## इआरसीपी अटकी है भाजपा की गुटबाजी में



चमकता राजस्थान

भरतपुर (राजवीर सिंह) इआरसीपी से प्रथम चरण में ही किसानों के लिये मिले सिंचाई के पानी की माँग को लेकर आज फिर बुधवार को दौसा स्थित नेहरु पकि में जुटे पूर्वी राजस्थान के किसान नेता। किसान नेताओं ने लिया आन्दोंलन का निर्णय और कहा कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना भाजपा की आपसी गुटवाजी में उलझ रही है । उन्होंने कहा कि सरकार ने इआरसीपी को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा कर रखी है उसे स्पष्ट्र करना चाहिये कि समझौते के मुताविक कितना पानी और वो भी तब तक किसानों को मिलेगा उसे स्पष्टतौर से बताना चाहिये ।

इआरसीपी को लेकर दौसा में हुई किसान प्रतिनिधियों की इस महत्वपूर्ण बैठक में कहा गया कि जब सिचाई को पानी मिलेगा ' तभी जमीनी जलस्तर भी बढ़ेगा जिससे पेयजल समस्या का भी समाधान हो सकता है ।

किसान नेताओं ने जोर देकर कहा कि खेती को पानी 50% जल निर्भरता पर ही मिल सकता है 75% प्रतिशत पर तो केवल पीने का ही पानी सम्भव है। उन्होंने कहा कि इआरसीपी भी वसुधरा की भाजपा सरकार ने ही 50% प्रतिशत

- **दौसा में जुटे कई जिलों के किसान नेता**
- **इआरसीपी को लेकर आन्दोलन का लिया निर्णय**
- **बजट में योजना को नहीं किया राष्ट्रीय परियोजना घोषित**
- **आन्दोलन का लिया निर्णय**

जल निभरता पर ही तैयार कराई थी फिर उसे क्यों 75% पर बनाया जा रहा है । उन्होंने कहा कि दौसा , भरतपुर , अलवर , करौली ' धौलपुर , टौंक ' जयपुर ' सवाई माधौपुर आदी जिलों में तो खेती बर्बाद हो रही है , सिंचाई पानी का व्यापक संकट है । वगैर पानी के जमीन सूखी पड़ी है और खेती घाटे का जरिया बन चुका है । खेती बर्बाद होने के कारण बेरोजगारी बढ़ रही है तथा रोजगार घट रहा है जिसकी वजह से लोग रोजगार के लिये महानगरों को पलायन कर रहे है ।

बैठक में सभी किसान नेताओं ने आन्दोंलन करने का निर्णय लिया तथा एमओयू को उजागर करने की माँग की । बैठक में वक्ताओं ने केन्द्र सरकार के बजट पर कहा कि इस बजट में भी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं किया गया । उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि को भी नहीं बढ़ाया गया जबकि सोने चाँदी के टैक्स कम किये गये है । बजट में कृषि उत्पादों के दामों की गारन्टी नहीं दी गई जवकि केन्द्र सरकार को डीजल , खाद , बीज ' टैक्ट्रर ' कीट नाशक दवाईया सस्ती करनी चाहिये थी ।

इस बैठक में भरतपुर के वरिष्ठ राजनेता और पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ' किसान नेता रामपाल जाट ' भरतपुर के किसान नेता इन्दल सिंह जाट , जिला पार्षद मोहन सिंह गुर्जर डीग ' संयुक्त किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष ज्वान सिंह मोहचा ' अलवर के किसान नेता सरदार विरेन्द्र सिंह मोर ' धौलपुर के रामकेश मीणा सरपंच ' भरत मीणा अघावली ' भगवती गुर्जर ' ने बैठक को संवोधित किया ।

बैठक में नवल सिंह ' निरंजन वयाना , करौली राजेश मीणा ' जमवारामगढ़ किशन मीना ' राजगढ़ अखिलेश मीणा ' राजेश मीणा गंगापुर , रोहताश वामनवास ' ओम प्रकाश घूमना ' लोकेश बझेड़ा ' राकेश मान पुरिया भी मौजूद रहे ।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2024-25 की अधिसूचना जारी खरीफ फसलों का बीमा करवाने की अंतिम तारीख 31 जुलाई 24 को



चमकता राजस्थान

**धौलपुर (रामदास तरुण)** । धौलपुर, 24 जुलाई 24 को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 2024-25 की अधिसूचना जारी हो गयी है। धौलपुर जिले में योजना के क्रियान्वयन हेतु एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इण्डिया लिमिटेड को अधिकृत किया गया है। खरीफ फसलों का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) डॉ. हब्बल सिंह ने बताया की जिले में खरीफ फसलों के अंतर्गत बाजरा एंव तिल को बीमा करवाने के लिये अधिसूचित किया गया है। राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार योजनान्तर्गत फसली ऋण केसीसी लेने वाले कृषकों का बीमा सम्बन्धित बैंक द्वारा किया जाता है तथा जिन कृषकों ने फसली ऋण केसीसी नही ले रखा है,वें अपनी फसल का बीमा राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल, नजदीकी बैंक शाखा,सी.एस.सी.,बीमा कम्पनी के अधिकृत प्रतिनिधि से सम्पर्क कर करवा सकते है। खरीफ 2024 के लिये बाजरा की फसल का बीमा जिले के सभी तहसीलों के कृषक करवा सकते हैं तथा तिल की फसल का बीमा तहसील स्तर के कृषकों के लिये है! जिसके अन्तर्गत केवल बाड़ी, बसेड़ी एवं सरमथुरा तहसील को अधिसूचित किया गया है। बाजरा के लिये बीमित राशि प्रति हैक्टेयर 53हजार 637 एवं तिल की फसल के लिये बीमित राशि 46 हजार 148 रू. प्रति हैक्टेयर तय की गई है, जिस पर कृषक को केवल 2 प्रतिशत प्रीमियम अर्थात बाजरा हेतु 1हजार73 रू. प्रति हैक्टेयर एवं तिल हेतु 923 रू. प्रति हैक्टेयर राशि ही भुगतान करनी होगी जिसकी कटौती ऋणी कृषकों के केसीसी खातें से की जा सकेगी तथा गैर ऋणी कृषकों को नगद जमा करवानी होगी। गैर ऋणी कृषकों द्वारा फसल बीमा करवाने हेतु बीमा हेतु अपने प्रस्तावित क्षेत्रफल में बोई जाने वाली फसल के खसरा नम्बरों की स्वयं प्रमाणित नवीनतम जमाबंदी की नकल, एक स्वप्रमाणित घोषणा पत्र जिसमें प्रत्येक खसरा का कुल क्षेत्र, प्रस्तावित फसल बुवाई का क्षेत्र मालिक का नाम एवं बीमा हित का प्रकार स्वंय, परिवाद अथवा बटाई, बैंक खाते की पासबुक की प्रति देनी होगी। ऋणी कृषकों हेतु बीमित फसल में परिवर्तन की सूचना संबंधित बैंक को देने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है। सांख्यिकी अधिकारी के. के. शर्मा ने बताया कि फसल कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाने हेतु रखी गई कटी हुई अधिसूचित फसल को चक्रवात, चक्रवाती वर्षा, बेमौसमी वर्षा या ओलावृष्टि से क्षति होने की स्थिति में फसल की क्षति का आंकलन व्यक्तिगत बीमित फसल के कृषक के स्तर पर किये जाने का प्रावधान है। प्रभावित बीमित फसल के कृषक को आपदा के 72 घंटे के अंदर सीधे बीमा कंपनी टोल फ्री नम्बर 14447, एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इण्डिया लिमिटेड , सम्बन्धित कृषि पर्यवेक्षक , नजदीकी कृषि विभाग कार्यालय,बैंक,फसल बीमा एप, राज किसान सुविधा एप्प के माध्यम से सूचित करना आवशयक होगा। वाधित या निष्फल बुवाई की स्थिति में बीमित राशि की 25 प्रतिशत धन राशि क्षतिपूर्ति के रूप में बीमित फसल के कृषकों को बीमा कंपनी द्वारा दिये जाने का प्रावधान है। बुवाई से लेकर कटाई की समयावधि में खड़ी फसलों में प्राकृतिक आपदाओं, रोगों, कृमियों एवं अन्य रोके ना सकने वाले जोखिमों से फसल नष्ट होने पर राजस्व मण्डल, राजस्थान अजमेर व उपनिदेशक आर्थिक एव श्साख्यिकी विभाग द्वारा कराये जाने वाले फसल कटाई प्रयोगों से प्राप्त औसत उपज आंकड़ों से बीमा क्लेम की गणना की जाती है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929